• सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित • website-https://vindhyatiger.in • epaper-https://epaper.vindhyatiger.in • वर्ष : 36, अंक 96, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 13 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

राहुल गांधी ने स्वीकार किया बहस का न्यौता 5

चेन्नई ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया 6

## कांग्रेस राज में सिर्फ गरीबी और पलायन मिला : मोदी

### हुगली में पीएम मोदी बोले - टीएमसी के गुंडे संदेश खाली की बहनों को डरा रहे

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर, हुगली, आसनसोल और हावड़ा में रैली की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखाली की बहनों को डराया-धमकाया जा रहा है। कांग्रेस को इस बार उनके शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। राहुल गांधी इस साल 19 जून को 54 साल के हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में संदेशखाली में यौन उत्पीड़न के मामले में कथित वीडियो पर कहा- पहले टीएमसी नेताओं को पुलिस ने बचाया। अब टीएमसी ने एक नया खेल शुरू किया है। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है। उन्होंने कहा- बंगाल में टीएमसी की सरकार में राम का नाम नहीं लेने दिया जाता। रामनवमी नहीं मनाने दी जाती। सीएए का विरोध किया जाता है। ये तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करते हैं। यहां की तस्वीर बता रही है कि बंगाल में इस बार एक अलग माहौल है। कुछ अलग होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बंगाल के लोगों को 5 गारंटी भी दी। आजादी के बाद 50 वर्ष तक कांग्रेस के परिवार ने ही सरकारें चलाईं, लेकिन पूर्वी भारत को सिर्फ गरीबी और पलायन मिला। पश्चिम बंगाल हो, बिहार हो, झारखंड हो, ओडिशा हो, आंध्र प्रदेश हो। कांग्रेस और इंडी अलायंस के दलों ने पूर्वी भारत को पिछड़ा ही छोड़ दिया।

मोदी ने कहा है कि यही देश के पूर्वी हिस्से को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा। आज हम पूर्वी राज्यों में सड़क मार्ग, रेलवे और जलमार्ग का एक नेटवर्क बना रहे हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने इस क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ाया है। आने वाले वर्ष बंगाल और आसपास के राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होंगे।

बैरकपुर की धरती इतिहास रचने वाली धरती है। आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली धरती है, लेकिन टीएमसी ने इसका क्या हाल बना दिया है। एक समय था, जब बंगाल की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में ये अपना बड़ा योगदान देता था, आज टीएमसी ने इसे घोटाले का गढ़ बना दिया है।

एक समय था, जब बंगाल में एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक खोज हुआ करती थीं, आज टीएमसी के राज में जगह-जगह बम बनाने की होम इंडस्ट्री चल रही है। एक समय था, जब बंगाल घुसपैठियों के खिलाफ क्रांति किया करता था, लेकिन आज टीएमसी के संरक्षण में यहां घुसपैठिए फल-फूल रहे हैं।

आज स्थिति ये है कि बंगाल में अपनी आस्था का पालन करना भी गुनाह है। बंगाल में टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती। बंगाल में टीएमसी सरकार रामनवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट के लोगों ने भी राम मंदिर के विरुद्ध मोर्चा खोल रखा है। क्या टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के हाथ में देश सौंपा जा सकता है। टीएमसी-कांग्रेस के इंडी अलायंस ने तुष्टिकरण और वोटबैंक की पॉलिटिक्स के आगे घुटने टेक दिए हैं। टीएमसी के एमएलए ने कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। सोचिए, इतनी हिम्मत, इतना साहस। इन लोगों ने बंगाल में

## कांग्रेसी बार-बार आदिवासी समाज का अपमान करते हैं: डॉ. यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चौथे और अंतिम चरण की आठ सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इसमें तीन सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित रतलाम, धार और खरगौन सीट पर कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर है। इससे पहले कांग्रेस नेता नाना पटोले के बयान ने भाजपा को बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसको लेकर भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी नाना पटोले के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार आदिवासी समाज का अपमान करती हैं, यह उनकी गंदी मानसिकता है। डॉ. यादव ने कहा कि मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस के नेता बार-बार आदिवासी समाज के लोगों का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के भगवान श्री राम के मंदिर के दर्शन करके जाने के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि राम मंदिर को अपवित्र कर दिया है। राम मंदिर को हम गंगाजल से धोएंगे। यह इनकी गंदी मानसिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आदिवासियों का अपमान करते हैं। भगवान राम तो 11 साल तक उनके बीच में रहे और शबरी माता के जूठे बेर खाकर जो उन्होंने संदेश दिया कि सभी वर्गों में समान रूप से बंधुत्व का भाव रखना चाहते हैं। ऐसे में कांग्रेसियों की मानसिकता यह लगातार पराजय के डर से इतना गंदा सोचते हैं यह बहुत दुर्भाग्य की बात है। मैं इसकी निंदा करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार का वातावरण चल रहा है यह अपने वोट बैंक के लिए एक तरह से संविधान की हत्या करना चाहते हैं। यह एससी, एसटी और ओबीसी सभी का आरक्षण समाप्त कर वर्ग विशेष को देना चाहते हैं। संविधान बदलने की उनकी जो मानसिकता है, एक तरह से कर्नाटक सरकार में इनके कर्मों से दिखाई दे रही है। जहां कांग्रेस की सरकार बनती है वहां ये लगातार एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मैं स्वयं ओबीसी वर्ग से आता हूं। हमारे तीन-तीन मुख्यमंत्री ओबीसी के अलावा सभी वर्गों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय, राजस्थान में सामान्य वर्ग से भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया, यह सबका साथ सबका विकास भाजपा की ये जो लाइन है हम उस लाइन पर चलते हैं।

## राजभवन उत्पीड़न मामले में सीएम ममता आक्रामक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर संदेशखाली मामले को लेकर झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी साधने के लिए पीएम मोदी को घेरा।

रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को शर्म आनी चाहिए की संदेशखाली को लेकर भाजपा की साजिश सार्वजनिक हो गई है। उन्होंने आगे कहा, संदेशखाली को लेकर पीएम मोदी अभी भी झूठ फैला रहे हैं। उन्हें इस बात पर शर्म आनी चाहिए कि भाजपा की साजिश अब सार्वजनिक हो गई है। बंगाल की सीएम ने उस वीडियो का हवाला देते हुए पीएम मोदी को घेरा, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया कि 70 से अधिक महिलाओं को टीएमसी के मजबूत नेता शाहजहां शेख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दो हजार रुपये मिले थे।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उत्तर 24 परगना में आज चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की महिलाओं को डरा-धमका रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, इस मामले का मुख्य आरोपी शाहजहां शेख है और टीएमसी आरोपी को बचाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है।

## बिहार में बिजली गिरने से 11 की मौत

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में आंधी बारिश और बिजली गिरने का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां आज 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और कर्नाटक में आज तेज बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है।

## मणिपुर में हिंसा से पहले 2480 अवैध प्रवासी मिले

### सीएम बोले- सबसे ज्यादा 1,165 चंदेल में, आप्रवासियों के नए गांवों को लेकर सरकार चिंतित

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा से पहले 2480 अवैध प्रवासियों का पता चला था। यह जानकारी रविवार (12 मई) को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद अवैध प्रवासियों को पता लगाने का कैंपेन बंद कर दिया गया था। हरू ने आगे कहा कि लगातार जंगलों की कटाई और अवैध आप्रवासियों द्वारा नए गांवों की स्थापना को लेकर सरकार चिंतित है। सीएम ने बताया कि फरवरी 2023 में कैबिनेट बैठक के बाद एक कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया गया था। इसमें दो कुकी मंत्रियों लेतपाओ हाओकिप और नेमचा किपगेन ने हिस्सा लिया था। हाओकिप को अवैध आप्रवासियों की पहचान करने वाली कमेटी का हेड बनाया गया था। इसी कमेटी ने 2,480 अवैध प्रवासियों का पता लगाया था।

सीएम ने बताया कि चंदेल क्षेत्र के दस गांवों में बायोमेट्रिक्स लिया गया था। इस दौरान 1,165 अवैध आप्रवासी पाए गए। वहीं, तेंगनौपाल जिले के 13 गांवों में 1,147 और चुराचांदपुर में 154 अवैध आप्रवासी पाए गए। इसके अलावा बाकी अवैध आप्रवासी कामजोंग जिले में पाए गए। इसमें कामजोंग जिले में आने वाले अतिरिक्त 5,457 अवैध आप्रवासियों को शामिल नहीं किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि 5,173 लोगों के बायोमेट्रिक्स लिए गए हैं, जबकि 329 प्रवासी पड़ोसी देश में स्थिति ठीक होने के बाद वापस लौट गए। मणिपुर हिंसा से जुड़े 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है।

## पीएम मोदी को मिला मदर्स डे गिफ्ट

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित किया। रैली में दो कलाकार हाथ में पीएम की पेंटिंग लिए खड़े रहे। मोदी की नजर जब उनपर पड़ी तो उन्होंने दोनों का शुक्रिया अदा किया। मोदी ने एसपीजी कमांडो से दोनों से पेंटिंग लेने को कहा और उसपर दोनों कलाकारों का नंबर भी लिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपको चिट्ठी के जरिए संपर्क करने की कोशिश करूंगा।

## केजरीवाल जेल में पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं: शिवराज

**भोपाल।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने वाले बयान से सियासत गरमा दी है। इस पर अब भाजपा नेता भी केजरीवाल पर हमलावर है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जी जेल में पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। अभी बेल पर हैं और केवल चुनाव तक के लिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के हम कार्यकर्ताओं के लिए राजनीति पद प्राप्ति या स्वार्थों की सिद्धि का माध्यम नहीं है। देश की सेवा के लिए हम राजनीति करते हैं और जनता की भलाई और विकास के लिए हम राजनीति करते हैं। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का महाआंदोलन अभियान है, भारतीय जनता पार्टी; जिसके हम सब कार्यकर्ता हैं और पार्टी हमें जो काम देती है उसे पूरी प्रामाणिकता, मेहनत और ईमानदारी से हम करते हैं। अपना चुनाव लड़ने के अलावा लगभग सभी लोकसभा की सीटों पर मैं गया हूं, हमने दिन-रात परिश्रम किया है क्योंकि पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को श्रद्धा और भक्ति के भाव से देखता है।

## आप को चुनेंगे तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार 12 मई को दिल्ली में रोड शो किया। इसमें उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी को वोट देंगे तो मुझे नहीं जाना पड़ेगा। अगर मैं जेल में वापस गया तो बीजेपी आपके सारे काम रोक देगी। वे मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, अस्पताल बंद कर देंगे। स्कूलों का स्तर भी गिर जाएगा। दिल्ली में 25 मई को वोटिंग है। वहीं, तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री के रिटायरमेंट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- अगले साल पीएम मोदी 75 साल के हो जाएंगे। उनके रिटायरमेंट का भाजपा नेताओं ने खंडन किया है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। उन्हें अपने उत्तराधिकारी का नाम बताना चाहिए।

केजरीवाल ने कहा- अगर पीएम मोदी रिटायर नहीं होंगे तो वे कह दें कि 75 साल उम्र होने पर रिटायरमेंट का नियम उन पर लागू नहीं होगा। ये नियम सिर्फ आडवाणी, अन्य कुछ नेताओं के लिए था। वे वन नेशन-वन लीडर आइडिया के तहत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेज रहे हैं और अपने नेताओं की राजनीति खत्म कर रहे हैं। पीएम मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, डॉ. रमन सिंह जैसे नेताओं की राजनीति खत्म कर दी। अब अगला नंबर यूपी के सीएम योगी का है। भाजपा ये तो कह रही है कि मोदी जी रिटायर नहीं होंगे, लेकिन ये नहीं कह रही कि योगी जी को नहीं हटाया जाएगा। मतलब पक्का है कि अगले दो महीने में योगी को सीएम पद से हटाया जाएगा।

केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की 10 गारंटी की भी घोषणा की। उनसे जब पूछा गया कि क्या वे इंडिया ब्लॉक की ओर से पीएम फेस होंगे। इस पर उन्होंने कहा- मैं प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर विपक्षी पार्टियां सत्ता में आती हैं तो वह सुनिश्चित करेंगे कि आप की गारंटी पूरी हो।

## अफगानिस्तान में बारिश और बाढ़ से 315 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में दो हफ्तों से हो रही भारी बारिश के कारण 315 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। तालिबानी अधिकारियों का कहना है कि अभी भी मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के मुताबिक, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने 12 मई को बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान बदख्शां, घोर, बगलान और हेरात में हुआ है। भारी बारिश के कारण 1600 लोग घायल हैं और 2000 से ज्यादा घर बह चुके हैं। मीडिया पोस्ट में बताया कि अचानक आई बाढ़ ने अफगानिस्तान को तबाह कर दिया। बगलान में सबसे ज्यादा मौत हुई है। बगलान में 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। अधिकारियों का कहना बगलान को जाने वाली सड़क बह चुकी, जिससे वहां राहत पहुंचाने में देरी हो रही है। वहां से लोगों को निकालने के लिए सेना भेजी गई है। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने 11 मई को बताया कि बगलान में लोगों को निकालने के लिए वायुसेना को लगाया गया है। इस बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बिना देर करे मदद करने को कहा है।

## झरोखा

नेताओं की दलबदल

## 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग आज

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार (13 मई) को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 42, वाईएसआर कांग्रेस ने 22, बीआरएस ने 9 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती थीं। अन्य को 17 सीटें मिली थीं। इस फेज में देश के दो सबसे अमीर प्रत्याशी मैदान में हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से टीडीपी प्रत्याशी के पास 5,705 करोड़ रुपए और तेलंगाना की चेवेल्ला सीट से भाजपा प्रत्याशी के पास 4,568 करोड़ रुपए की संपत्ति है। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के चौथे फेज में कुल 1,717 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,540 पुरुष और 170 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 10% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के मुताबिक, इस फेज के 1,710 उम्मीदवारों में से 21% यानी 360 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 476 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 24 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। 543 लोकसभा सीटों में तीसरे फेज तक 284 सीटों पर मतदान हो गया है। 13 मई तक कुल 380 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 3 चरणों में 163 सीटों पर मतदान होगा। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 274 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

## अग्निवीर योजना को बंद करेगी कांग्रेस

### अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर ने बीजेपी को घेरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान कल होना है। चुनाव प्रचार बंद होने के बाद रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर एवं मीडिया प्रभारी सैयद अदनान अशरफ ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में बीजेपी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार आने पर जातिगत जनगणना देश भर में कराया जाएगा। अग्निवीर योजना को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार और भाजपा नेता बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा सर्वहारा वर्ग के लिए बनाये गये संविधान को बदलने की कुत्सित मानसिकता बनाकर देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। अदनान ने कहा कि देश में वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, ऐसे में भाजपा देश की जनता के लिए के बीच गोडसेवादी विचारधारा का बखान कर नफरत और घृणा फैलाकर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी प्यार, मुहब्बत और भाईचारे को गांधीवादी विचारधारा से आगे बढ़ाकर देश में अमन चैन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और जुमले की राजनीति करती आयी है। 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी ने बेरोजगारी हटाने, 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी, 15 लाख रुपये हर खातें में आने की बात कही थी, 2019 में राष्ट्रवाद और सर्जिकल जैसी बातें करके देश की जनता को भ्रमित किया। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही, लेकिन 800 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते हैं, उन 800 किसानों की पत्नियां जो विधवा हुई उनके मंगलसूत्र के बारे में मोदी जी मौन क्यों हैं। मोदी जी अग्निवीर योजना लाये, जिससे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ तो हुआ ही है देश की रक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। मोदी जी के जुमले झूठ साबित हुये हैं। मोदी की गारंटी यानि झूठ की गारंटी।

अदनान अशरफ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह कह रहे हैं कि 400 सीटें जीतेंगे और संविधान को बदल देंगे। मोदी-शाह के बड़बोले बयान देश की जनता पर प्रहार कर रहे हैं। भाजपा-मोदी द्वारा 400 सीट जीतने का इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि वह संविधान को बदलना चाहते हैं। इतना ही नहीं भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी कह चुके हैं कि संविधान को बदलने की आवश्यकता है। अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि देश के ढांचे को बदलने के लिए संविधान को बदलना जरूरी है। अदनान ने कहा कि ऐसे समय में देश में दो विचारधारा काम कर रही है। एक गांधी की विचारधारा, जिसको कांग्रेस अनुयायी है, दूसरी विचारधारा गोडसे की है, जिसके बीजेपी अनुयायी है। संविधान में सबको एक नजर से देखा जाता है ऐसी कांग्रेस की सोच है। जबकि आरएसएस की नजर में सब अलग-अलग है कोई अच्छा है, कोई बुरा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें कई तरह की स्वतंत्रता दी है। संविधान में सबको बोलने की आजादी है। लेकिन अब कोई भी स्वतंत्र रूप से बोलने की कोशिश करता है तो उसको हर तरीके से ईडी, सीबी, प्रशासन के द्वारा दबाने की कोशिश की जा रही है और इससे संविधान को खतरा है। अदनान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सभी वर्ग के लिए मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आरक्षण की पक्षधर रही है, लेकिन बीजेपी पिछले दरवाजे से आरक्षण को खत्म कर सभी वर्गों के हितों और उनके अधिकारों का हनन करने की कोशिश में लगी हुई है।

# सरई क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश

## कई घरों में हुई भारी क्षति, उड़ गए टीनशेड व खपरैल

**सिंगरौली।** जिले भर में आज रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। आंधी तूफान के चलते सरई क्षेत्र के कई गांवो के घरों के टीनसेड और खपड़ेल को नुकसानी हुई है

गौरतलब हो कि लगभग एक सप्ताह पर जिले में गर्मी पूरे सबाब पर थी। गर्मी बढ़ने से जहां लोग काफी परेशान हाल दिखे। वहीं बीते बुधवार से अचानक मौसम में परिवर्तन देखा गया। बीते बुधवार को भी जिले के सरई बरका क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ बारिश और ओले भी गिरे थे। जिले के कई इलाकों में आंधी तूफान के साथ बारिश हुई थी। लेकिन आज रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद मौसम फिर से बदलने लगा अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज आंधी तूफान के

साथ झमाझम बारिश होने लगी। बताया जाता है कि सरई, डोंगरी झलरी, मझौली पाठ सहित कई गांव में आंधी तूफान के चलते घरों को काफी नुकसानी नहीं उठानी पड़ी है। वहीं जिले भर में आंधी तूफान का असर देखने को मिला है जिला मुख्यालय बैढ़न में भी आंधी तूफान के साथ रिमझिम बारिश हुई है । इधर बताते चले की झमाझम बारिश के चलते गर्मी से राहत तो मिली है लेकिन इस बारिश और आंधी तूफान के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरीके से बदहाल हो गई थी। इसके अलावा टीनशेड, खपरैल मकान भी नुकसान हुए हैं। कई जगह तो पेड़ गिरने की ही बात कही जा रही है। जिसके चलते बिजली व्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मई महीना शुरू होते ही प्रचंड गर्मी के चलते लोग काफी परेशान हाल रहे। जिले का गर्मी के पारे में दिनों दिन बढ़ोतरी देखी जा रही थी। गर्मी से लोग काफी परेशान हाल दिखाई दिए। गर्मी के बदौलत मौसमी बीमारियों का ग्राफ भी बढ़ गया था। जिसके चलते चिकित्सालय में काफी भीड़ देखने को मिलती थी। लेकिन बीते बुधवार से लगातार बारिश का क्रम चल रहा है। बारिश के चलते गर्मी से अब राहत मिलने की उम्मीद दिखाई दे रही है। संभावना यह भी जताई जा रही है कि अगर मौसम साफ हुआ तो गर्मी बढ़ेगी और बीमारियों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ सकता है।

### झलरी में दिखा तूफान का भारी असर

स्थानीय सूत्रों की बातों पर गौर करें तो रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा। पूरे आसमान में काले बादलों की धमा चौकड़ी देखने को मिलने लगी। देखते ही देखते अचानक मौसम ने करवट बदला और तेज आंधी तूफान का असर झलरी क्षेत्र में देखने को मिला। बताया जाता है कि तूफान इतना तेज था कि घरों के खपड़ेल और टीनशेड उड़ने लगे। जिससे लोगों का काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। वही इस क्षेत्र में पेड़ भी गिरने की बात कही जा रही है।

# मरन को अगर सुधरना हैं तो सबसे पहले जीवन सुधरना पड़ेगा : ममता

## सरई के राधा कृष्ण मंदिर बनियान तालाब में श्री राम कथा भागवत व श्री हनुमान मारुति यज्ञ का हो रहा आयोजन

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले सरई के राधा कृष्ण मंदिर बनियान तालाब में श्री राम कथा भागवत व श्री हनुमान मारुति यज्ञ चल रही है। श्री राम कथा के दूसरे दिन दत्तात्रेय आश्रम वृंदावन से पहुंची अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका ने ममता पाठक ने कहा कि मरन को अगर सुधरना हैं तो सबसे पहले जीवन सुधरना पड़ेगा, क्योंकि अगर जीवन मरण सुधरेगा तभी हमारा जीवन सुधरेगा अब जीवन में कभी कोई अच्छा काम नहीं करेंगे जिंदगी में कभी भी भगवान का नाम नहीं लेंगे तो मरते समय हमें भगवान की नाम याद आयेगी कैसे, जीवन में हमने कभी कोई अच्छा काम नहीं किया और मरते समय हम यह सोच लें आखिरी टाइम आए हमारा,और उस समय हम भगवान का नाम ले लेंगे तो संसार सागर से पार हो जाएंगे, यह विचार करना मूर्खता ही है हां अगर जिंदगी भर भगवान का नाम लिया हो तो मरते समय भगवान की याद आएगी ही। इसके साथ ही अंत विषयों पर प्रवचन किया गया। तो वही कार्यक्रम के अंत में आरती किया गया। कार्यक्रम श्री राम कथा भागवत दिनांक 10 मई से प्रारंभ होकर 18 मई तक चलेगा जो समय दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक हैं। तो वही महायज्ञ समय सुबह 7:00 से 11:00 बजे तक चलता है। हवन,तर्पण, महाप्रसाद भंडारा 19 मई को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम संगीतमय तरीके से चल रहा है। तो वहीं पद्म कर्ता बाबा भोलादास महाराज विप्र मित्र मंडली हैं। श्रीरामकथा के आयोजनकर्ता व मुख्य श्रोतापूर्व संरपच रामबालक द्विवेदी,केमली देवी हैं। उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

# देवसर शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया आरसेटी जागरूकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशन में बैंकों के प्रयोजन में जगह-जगह ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी का आयोजन किया जा रहा है।जिसको दृष्टिगत रखते हुए शासकीय महाविद्यालय देवसर में 8 मई को उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं निदेशक आरसेटी यूनियन बैंक बैढ़न विजय कुमार एवं सीनियर फैकल्टी निशा द्विवेदी उपस्थित रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ललिता सिंह ने किया।कार्यक्रम का सफल संचालन अनुराग सिंह ने किया।इस अवसर पर आरसेटी

बैढ़न के निदेशक विजय कुमार ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में उपस्थित सभी को विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आर सेटी के तहत यूनियन बैंक बैढ़न द्वारा जिला केंद्र में कढ़ाई, सिलाई, बुनाई, कंप्यूटर,मोटर वाईडिंग सहित अनेक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक मात्रा में लोग पंजीयन कराकर प्रशिक्षण का लाभ ले सकते है।जिससे भविष्य में अपनी आवश्यकताओं और चुनौतियों को पूरा करने का अवसर भी मिलेगा।यह कार्यक्रम बेरोजगार शहरी और ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित किया जाता है,जिसमें न्यूनतम 10 दिन से लेकर अधिकतम 30 दिन का प्रशिक्षण लेकर अनेक क्षेत्रों में कौशल प्राप्त कर सकते हैं।जिसके कारण रोजगार स्थापना में सहायता मिलेगी।भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह अभिनव पहल आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक सराहनीय कदम है।इस दौरान वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार गौर सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राओं ने जागरूकता कार्यक्रम का लाभ लिया।

# सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोगों को नहीं मिलती सूचनाएं

## कानून की उड़ाई जा रही धज्जियां, नही मिल रही जानकारी

सिंगरौली

जिले के सरई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरा की सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ग्राम पंचायत घोघरा की 2015 से 2022 तक का कार्यकाल की जानकारी अजय शर्मा पिता अयोध्या प्रसाद शर्मा निवासी घोघरा द्वारा जनपद पंचायत देवसर से ग्राम पंचायत घोघरा की आय और व्यय की जानकारी मांगी गई थी लेकिन जनपद पंचायत देवसर द्वारा लिखित नोटिस भेज कर जवाब दिया गया की ग्राम पंचायत घोघरा अब सरई नगर परिषद में तब्दील हो गई है जिसकी जानकारी नगर परिषद में मिलेगी।

जिसके बाद फिर से द्वितीय अपील नगर परिषद सरई में किया गया जिसमें ग्राम पंचायत घोघरा की आय और व्यय की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत चाही गई किंतु नगर परिषद सरई का गठन 2022 में हुआ है ग्राम पंचायत के द्वारा कोई भी डाटा नगर परिषद को उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे लोक सूचना अधिकारी जनपद सीईओ एक माह बीतने के बाद नगर परिषद सरई से जवाब में नोटिस दिया गया कि ग्राम पंचायत घोघरा की आय और व्यय जानकारी हमारे नगर परिषद में उपलब्ध नहीं है। पूरे मामले को लेकर देवसर जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर परिषद सरई सीएमओ द्वारा गोल मटोल जवाब दिया जा रहा है सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं दी जा रही है फरियादी को इधर-उधर घुमाया जा रहा है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी सिंगरौली कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया गया एवं जानकारी मांगी गई है। कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद पंचायत सीईओ देवसर एवं नगर परिषद सरई सीएमओ द्वारा फरियादी को दफ्तर का चक्कर लगवा रहे हैं क्या कहता है कानून सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7 (1) के तहत 30 दिन के अंदर पूर्ण सूचना देने का प्रावधान है।30 दिन के अंदर सूचना ना मिलने पर एक्ट की धारा 19 (1) के तहत प्रथम अपील देने का प्रावधान है तथा प्रथम अपील का निपटारा 19 (6) के अनुसार 30 दिनों के अंदर होना चाहिए। सूचना नहीं देने पर एक्ट की धारा 20 (1) के तहत जुर्माना लगाने का अधिकार राज्य सूचना आयोग के पास है। एक्ट की धारा 20 (2) के अनुसार सूचना नहीं देने वाले या गलत सूचना देने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने का अधिकार भी राज्य सूचना आयोग के पास ही है। राज्य सूचना आयोग कार्रवाई न करे तो एक्ट में आगे कोई प्रावधान नहीं है।

# उज्ज्वला योजना की सब्सिडी प्राप्त करने हेतु 31 मई तक उपभोक्ता करायें केवाईसी

## केवाईसी न कराने वाले उपभोक्ता सब्सिडी लाभ से हो सकते हैं वंचित

**सिंगरौली।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों को न काटा जाए। लोगों को आसानी से ईंधन प्राप्त हो सके,इसके लिए भारत सरकार द्वारा बाकायदा एलपीजी उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी किया गया है। जो भारत के सभी क्षेत्र में निवासरत लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन हो जाने से पेड़ों की कटाई रुक गई है। आंखों में लगने वाले धुआं से निजात मिला है। धुआँ लगने से अधिकतर महिलाओं की आंखों में दिक्कतें आ जाया करती थी। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा बाकायदा उपभोक्ताओं से अभिलेख जमा कराकर कनेक्शन दिया गया है

तथा गैस लेने में खर्च हुई राशि सब्सिडी के रूप में कनेक्शन धारी के खाते में आ जाया करती है। वहीं कनेक्शन के बाद उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्राप्त करने हेतु केवाईसी कराना अनिवार्य हो गया है। जिसके लिए केवाईसी की अंतिम तिथि 31मई 2024 निर्धारित की गई है।

वहीं भारत सरकार के आदेश को मद्देनजर रखते हुए जनपद पंचायत सदस्य तमई एवं चंद्रलोक गैस एजेंसी क्योंटली की संचालक सुषमा सिंह ने चंद्रलोक गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं से अपील किया है कि सभी उपभोक्ता निर्धारित तिथि 31 मई 2024 के तक गैस एजेंसी पहुंचकर अपना केवाईसी करना सुनिश्चित करें। जिससे सब्सिडी का लाभ मिल सके। केवाइसी न कराने की स्थिति में लाभ से वंचित होने पर उसके जिम्मेवार उपभोक्ता स्वयं होंगे। चंद्रलोक गैस एजेंसी क्योंटली में कुल 9741 कनेक्शन धारी है,जिसमें 6713 की केवाईसी हो चुकी है तथा 3028 की केवाईसी होना शेष है। ऐसे में सभी उपभोक्ता समय सीमा के अंदर यदि अपनी ईकेवाईसी नहीं कराते हैं तो एजेंसी के संचालक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। केवाईसी की प्रक्रिया बहुत ही सरल एवं आसान है। कनेक्शन धारी उपभोक्ता अपने आधार कार्ड के साथ स्वयं गैस एजेंसी पहुंचकर साथ में गैस कनेक्शन की पासबुक या कोई रसीद लेकर केवाईसी आसानी से करवा कर सब्सिडी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सब्सिडी के संबंध में इसके पूर्व भी भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है।

# महिला थाना मे हुआ जन चेतना परामर्श का आयोजन

**सिंगरौली।** महिला थाना सिंगरौली मे नवाचार अन्तर्गत जन चेतना परामर्श का पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, अरुण कुमार सोनी उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा सिंगरौली के मार्गदर्शन मे त्रिपी. श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा आयोजन किया गया । आयोजन मे 25 आवेदिकाओं के आवेदन पर थाना बुलवा जाकर जन चेतना परामर्श मे सलाहकार एवं काउंसलर की उपस्थिति पति पत्नी की समस्याओं को सुना जाकर निदान हेतु परामर्श दिया गया बीते 11 मई को 16 प्रकरणों मे परामर्श उपरान्त पति पत्नी एवं अन्य परिवारजन एक

साथ रहते हुए अच्छे जीवन की शुरूआत करने के लिये सहर्ष तैयार होने पर साथ मे भेजा गया । तीन प्रकरण वैधानिक निराकरण हेतु सम्बंधित थाना क्षेत्र मे भेजे गए । दो प्रकरणे मे वैधानिक कार्यवाही की गई एवं अन्य चार प्रकरणों मे अनावेदक अनुपस्थित होने से अन्य दिनांक की सूचीबद्ध किया गया । उपरोक्तानुसार नवाचार अन्तर्गत किये जा रहे परामर्श का उद्देश्य सुखद वैवाहिक जीवन का संचालन है । उपरोक्त परामर्श मे करीब 50 महिला पुरुष उपस्थित रहे विधिक सलाहकार अधिवक्तागण एवं काउंसलर संतोष दुबे एवं श्रवण कुमार तिवारी द्वारा विधिक जानकारी दी गई । उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को बताया गया कि जन चेतना परामर्श प्रत्येक शनिवार दोपहर 11.00 बजे से महिला थाना मे आयोजित किया जाएगा । इसका फालोअप पीड़िता / शिकायतकर्ता के घर जाकर मौके से मतत् किया जाएगा । उपरोक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने मे उपनि. आईपी वर्मा, म. प्र. आर. रानी सिंह, आरपना सिंह, बेलाकली सिंह, प्र. आर. रवि सिंह बघेल, सतीष कुमार बागरी, आर. संदेश यादव, प्रताप सिंह, म. आर. आरती कोली की भी सहभागिता रही ।

# मजदूरों का हक छीन रही जेसीबी मशीन

**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल सके जिसके लिए सरकार द्वारा रोजगार की गारंटी देते हुए कई तरह के काम कराए जा रहे हैं ताकि मजदूरों का भरण-पोषण आसानी से हो सके और पलायन को रोका जा सके। लेकिन एक अजीबो गरीब मामला आया है, जहां चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत लमसरई में लघु तालाब का निर्माण सरपंच के द्वारा बड़े ही दर्धगई के साथ मनरेगा के कार्य में मजदूरों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से काम कराए जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। वही मजदूरों द्वारा कार्य की मांग किए जाने पर पंचायत एजेंसी द्वारा कार्य न दिए जाने का भी आरोप लगा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि किस आधार पर भरी जाएगी मजदूरों की हाजिरी जहां सरकार रोजगार की गारंटी देती है। वहीं दिनभर जेसीबी मशीन से कार्य करा कर लाखों का हिसाब-किताब का सरपंच सचिव द्वारा कर कर दिया हैं। ताज्जुब की बात तो यह है कि सरकार मजदूरों को रोजगार देने के लिए प्रतिवर्ष अरबो,खरबो रुपए विकास कार्य के लिए देती है परंतु मनरेगा अधिनियम है इसके बावजूद भी बड़े ही पंचायत एजेंसी आसानी से आंख मीचौली का खेल खेलते हुए जमकर शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं।

# शराबमय हुआ सिंगरौली, आखिर कहां से आ रही शराब की खेप

## कप्तान साहब यह क्या हो रहा?

**सिंगरौली।** जैसे ही बरसात का मौसम शुरू होता है हर जगह पानी-पानी दिखने लगता है तो बरसाती मेढ़क टर्र-टर्र कर जमीन से निकल कर बाहर आवाज लगाने लगते हैं। उसी तरह इन दिनों सिंगरौली में शराब कारोबारी अचानक पैदा हो गये। आखिर इस सिंगरौली में अचानक अवैध शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से आ रही है कि प्रतिदिन सिंगरौली पुलिस कार्यवाही करने में उलझी हुई है।

नये कप्तान के आते ही सिंगरौली पुलिस अन्य मामलों में भले न उलझी हो लेकिन इन दिनों शराब के मामले में पूरी तरह उलझ गई है। ऐसा कोई दिन नहीं जो किसी न किसी थाने में बड़ी कार्यवाही न होती हो। ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा सिंगरौली अवैध शराबमय हो गया है। आखिर इतनी बड़ी शराब की खेप कहां से आ रही है। ये अभी तक पुलिस भी उलझी हुई है। जनता सवाल कर रही है कि कप्तान साहब ये क्या हो रहा है ? बता दें कि मध्यप्रदेश का सिंगरौली जिला उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती प्रदेशों से सटा हुआ है। जहां ऐसा कोई आपराधिक कारोबार नहीं है जो सिंगरौली से अछूता हो। दो राज्यों से सीमावर्ती होने के चलते अपराध के ग्राफ के साथ-साथ शराब , हेरोईन ,ड्रग्स ,अफीम जैसे कारोबार की संलिप्तता में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। सिंगरौली अवैध शराब के साथ अन्य नशीले पदार्थ के साथ-साथ अन्य कारोबारों में जाना जाता है। सिंगरौली एक तरह से अवैध कारोबार माफियाओं का गढ़ होता दिखाई दे रहा है। जिस तरह से आये दिन नशीले मादक पदार्थ पर ताबड़तोड़ कार्यवाही देखने को मिल रही है इससे यह चरितार्थ हो रहा है कि सिंगरौली में नशीले पदार्थ के कारोबारी अपनी पैठ जमा चुके हैं। एक तरफ सिंगरौली में सिकेडी का राज तो कायम ही है इस राज को पुलिस महकमा भी

अच्छी तरह से जानता है। नये अधिकारी आते हैं और कुछ दिनों तक इन सिकेडी को लूपलाईन में रख दिया जाता है और जैसे-जैसे अधिकारी का समय गुजरता है उसी तरह ये लूपलाईन वाले सिकेडी फिर से अपने धंधे पर लौट आते हैं। तभी तो पुलिस के हर अधिकारी सिंगरौली आने की चाह रखते हैं। चाहे उसके लिए जितने भी खेल वरिष्ठ अधिकारियों के सामने खेलना पड़े खेलने को तैयार रहते हैं।

### मयखाने पर उलझी पुलिस

सिंगरौली जिले का थाना बैढ़न , विंध्यनगर , मोरवा , बरगवां ,चौकी जयंत इन दिनों ज्यादा चर्चा मे है और चितरंगी में थाना प्रभारी को जिम्मेदारी मिली है तबसे चितरंगी थाना भी चर्चा मे आ गया है। सवाल यह है कि इन दिनों जिले भर में अगर कोई कार्यवाही हो रही वह नशीले मादक पदार्थ के ज्यादा प्रकरण देखने को मिल रहे हैं। इसके अलावा अन्य मामलों की कार्यवाही को आखिर पुलिस क्यों नहीं दिखा रही है। जिस तरह नशीले पदार्थों को लेकर कार्यवाही की वाहवाही सोशल मीडिया पर वायरल की जाती है , क्या अन्य कार्यवाही को पुलिस क्यों नहीं शो करती ये सबसे बड़ा सवाल पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। सिर्फ सिंगरौली पुलिस इन दिनों अवैध मयखानों के जखीरों पर ही क्यों उलझी पड़ी हुई है।

### अवैध शराब पर सवाल

सिंगरौली जिले में तत्कालीन पुलिस कप्तान विनीत जैन के कार्यकाल में इस तरह की कार्यवाही देखने को व सुनने को यदा-कदा मिलती थी। लेकिन जबसे नवागत कप्तान सिंगरौली पहुंचे तबसे पुलिस की ताबड़ तोड़ कार्यवाही क्या संदेश देना चाह रही है। आखिर इसके पूर्व जिले में अवैध शराब या अन्य नशीले पदार्थ का कारोबार नहीं होता था। या फिर सिंगरौली पुलिस नये कप्तान को अपनी उपलब्धियां बताना चाह रही है। इन अवैध शराब के जखीरों पर पुलिस पर सवाल खड़े होते दिखाई दे रहे है।

### कप्तान पर जनता के सवाल

समूचा सिंगरौली जिला दो राज्यों को छूता है और इन दो राज्यों से सिंगरौली का सम्पर्क दिन हो या रात हमेशा बना रहता है। हर किसी पर पुलिस की पैनी नजर तो नहीं टिक सकती। आखिर किस भेष में अपराधी आ सकता है। इस सवालों के साथ सिंगरौली में डीजल , कबाड़ कोयला जिसे हम सब नये नाम सिकेडी से जानने लगे हैं। इसका भी तंत्र सिंगरौली में वर्षों से अपनी पैठ जमाया हुआ है। इसके साथ अवैध नशीले पदार्थों का जखीरा का गढ़ सिंगरौली बन गया है। ऐसे में नये पुलिस कप्तान क्या रणनीति बनायेंगे कि सिंगरौली जिला इस कारोबार से मुक्त हो जायेगा।

# विशेष कैम्प लगाकर ड्राप आउट बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश

## खंडवार शिविर का आयोजन कर यू-डायस पोर्टल पर जानकारी की जाएगी अद्यतन

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र राजेश तिवारी ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में सत्र 2023-24 में यू-डायस पोर्टल में 1111 स्कूलों में 19299 बच्चे ड्राप बाक्स, ड्राप आउट व पलायन की स्थिति में हैं। विकासखण्ड स्तर पर सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर कैम्प लगाकर ड्राप बाक्स शून्य करने की दिशा में अच्छा प्रयास किया फिर भी इस दिशा में अभी भी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। अतः कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी द्वारा अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया है कि इस हेतु जिले के समस्त विद्यालयों (शासकीय व अशासकीय) का कैम्प खंड स्तर पर 13 मई से 15 मई 2024 तक आयोजित किये जाएं।

उक्त आयोजित विशेष कैम्प में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समस्त प्राचार्य तथा प्रधानाध्यापक अपने सहयोगी आपरेटर एवं शिक्षक के साथ सत्र 2023-24 की सभी कक्षाओं की छात्र उपस्थिति रजिस्टर के यू-डायस में फीड किये गये छात्रों की सूची सहित उपस्थित होंगे। कैम्प में ही सभी छात्रों का यू-डायस पोर्टल में प्रविष्टि करायेंगे। जिस छात्र की यू-डायस पोर्टल में इन्ट्री नहीं है उसे ड्राप बाक्स से इम्पोर्ट कर शाला में मैप करायेंगे। यदि छात्र विद्यालय में अध्ययन रत नहीं है और न ही अध्ययन करना चाहता है तो संबंधित अभिभावक माता-पिता से इस आशय का शपथ या अभिलेख प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पोर्टल में स्पष्ट कारण दर्ज करेंगे। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात संबंधित की आर.सी.सी. को सभी संस्था प्रमुख द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अपने हस्ताक्षर सहित उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक कैम्प के प्रभारी अधिकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी होंगे तथा नोडल अधिकारी संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सीधी होंगे। कैम्प में आवश्यक बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था का कार्य संबंधित कैम्प स्थल के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। उक्त कैम्प में समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापकों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कैम्प में अनुपस्थिति तथा उक्त तिथि के पश्चात यदि किसी भी संस्था में छात्रों की प्रविष्ट अथवा ड्राप बाक्स में बच्चे दर्शित होना पाया जाएगा तो उसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित संस्था प्रमुख जे विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत आयोजित कैम्प दिनांक 13.05.2024 को सी.एम. राइज कुसमी में सम्मिलित जन शिक्षा केन्द्र कुसमी, जूरी, टंसार, एवं भदौरा, 14.05.2024 को सी.एम. राइज कुसमी सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र मझिगवां, सोनगढ़ एवं भुरमाड़ एवं 15.05.2024 को हायर सेकण्ड्री स्कूल पोड़ी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र पोड़ी, लुरपुटी एवं चिनगवाह में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड मझौली अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय मझौली सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र ताला, गंजरी, चमराछोल एवं मझौली, 14.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय मझौली सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र गिजवार, पथरौला एवं खड़ौरा तथा दिनांक 15.05.2024 को शा. हायर सेकण्ड्री स्कूल टिकरी सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र मड़वास, टिकरी एवं डोंगा में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। विकासखण्ड रामपुर नैकिन अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय रामपुर नैकिन सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र रामपुर नैकिन, कोचवार, मउ, बघवार एवं पौस्ता, 14.05.2024 को शास. उत्कृष्ट उच्च. माध्य.विद्यालय रामपुर नैकिन सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बापड़, भरतपुर, चकड़ौर, खड़ी एवं बड़खरा तथा 15.05.2024 को शा. उच्चमाध्य. विद्यालय बालक चुरहट सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बेल्हर, हनुमानगढ़, डढ़िया, कुआं एवं चुरहट में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है। विकासखण्ड सीधी अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र धुम्मा, सेमरिया, उपनी एवं खिरखोरी, 14.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र चौफ, हड़बड़ो, करवाही एवं बरम्बाबा, तथा 15.05.2024 को शा. उच्च. माध्य. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र सीधी खुर्द, क्रमांक 2, अमरवाह, कमर्जी एवं नेवुहा तथा विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत दिनांक 13.05.2024 को शास. जनपद पंचायत सभागार सिहावल में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बघौर, सिहावल, हिनौती, सुपेला एवं सोनवर्षा, 14.05.2024 को शास. उच्च.माध्य. विद्यालय बहरी में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र बहरी, कन्या पतुलखी, बालक पतुलखी, तरका एवं खुटेली तथा 15.05.2024 को शास. उच्च.माध्य. विद्यालय अमिलिया में सम्मिलित जनशिक्षा केन्द्र अमिलिया, अमरपुर, सपही, पोखरा एवं हटवा खास में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है।

# सक्षम सीधी द्वारा मनाई गई सूरदास की जयंती

**सीधी।** सक्षम सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सीधी द्वारा सूरदास जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया अतिथियों द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांग जनों को प्रेरणादायक कहानी एवं उत्साहवर्धक वक्तव्य के साथ प्रेरित किया गया एवं दृष्टिबाधित दिव्यांग एडवोकेट कुमुद सिंह जी, कुंज बिहारी सोंधिया, उमेश पटेल जी का साल एवं श्री फल देकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया, वरिष्ठ समाजसेवी भारत विकास परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर आशीष मिश्रा द्वारा दिव्यांग जनों को उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि आज कलयुग में भी दृष्टिबाधित दिव्यांग के रूप में भगवान है इसका उदाहरण राम जन्मभूमि के तथ्य को बताने वाले श्री रामभद्राचार्य जी महाराज हम सबके लिए प्रेरक हैं जिनका वाक्य तर्क कोर्ट को स्वीकार करना पड़ा और आज रामलाल अपने मंदिर में विराजमान है।

श्री मिश्रा ने कहा कि सक्षम का उद्देश्य दृष्टि बाधित दिव्यांग जनो को उनका अधिकार अधिनियम 2016 का क्रियान्वयन एवं सक्षम में दिव्यांग उन्मूलन एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए सात प्रकोष्ठ एवं सात आयाम बनाए गए हैं, कार्यक्रम का सफल संचालन सक्षम के प्रति युवा प्रमुख श्री शिवांशु शुक्ला ने किया। वहीं गौ सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ता श्री केशव मिश्रा का भी सम्मान किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से शासकीय अधिवक्ता जिला न्यायालय सीधी सुरेंद्र प्रताप द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रमादित्य मिश्रा, केशव मिश्रा, नवीन पटेल, देव प्रकाश मिश्रा, ध्रुवकांत द्विवेदी, अविनाश मिश्रा एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जनजाति शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर सर्रा चुरहट में कक्षा 6वीं तथा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय आदर्श उ.मा.वि. चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि अनुसूचित जनजाति शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर सर्रा चुरहट जिला सीधी में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित कराया गया था। सभी कक्षाओं का परीक्षाफल घोषित न होने के कारण आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के पत्र दिनांक 30.04.2024 द्वारा निर्देशित किया गया है कि कक्षा 6वीं से 9वीं तक की कक्षाओं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 30.05.2024 तक ही लिए जावेंगे।

### आवेदन पत्र के साथ दस्तावेज

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ संबंधित छात्र का एमरीटासक का प्रोफाइल पंजीयन, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, छात्र का समग्र आई.डी., बैंक पास बुक की छायाप्रति, पूर्व कक्षा की उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति, छात्र की 2 पासपोर्ट साइज की फोटो अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए छात्र एवं अभिभावक कोच जयश्री त्रिपाठी के मोबाईल नंबर 8770151642 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सुपर-100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई

## 15 एवं 16 जून को होगी लिखित परीक्षा

सीधी

एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुपर - 100 योजना है। विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क तैयारी होगी। उन्होंने बताया कि सुपर - 100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2024 है। लिखित परीक्षा 15 एवं 16 जून को होगी।

उन्होंने बताया कि सुपर 100 योजना के अनुसार सभी मेधावी छात्रों को भोपाल के शासकीय उत्कृष्ट सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल और इंदौर के शासकीय मल्हार आश्रम स्कूल में मुफ्त में एडमिशन दिया जाता है। इसके अलावा, उन्हें वहां रहने के लिए हॉस्टल भी मुफ्त में दिए जायेगा, यहाँ तक कि उनके खाने पीने का भी पूरा खर्चा शासन द्वारा किया जाता है।

इस योजना के तहत छात्रों को न सिर्फ कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई मुफ्त में कराई जाएगी, बल्कि इसके साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई भी मुफ्त में कराई जाती है। लाभार्थी छात्रों को इंजीनियरिंग, आईआईटी, जेईई, सीए और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग 2 साल तक मुफ्त में कराई जाती है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। छात्रों को खुद के व्यक्तिगत खर्च के लिए हर महीने 150 रुपये दिए जायेंगे, जो कि 10 माह की अवधि तक प्रदान किये जाएंगे।

इस योजना अंतर्गत कुल 356 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे जिनमें गणित विषय में 127, जीव विज्ञान 127 और कामर्स मे 102 सीट है। सुभाष उत्कृष्ट भोपाल में 76 गणित की सीट, 76 जीव विज्ञान की सीट और 51 कामर्स की सीट है, जबकि मल्हार आश्रम इंदौर में 51 गणित की सीट, 51 जीव विज्ञान की सीट और 51 कामर्स की सीट है।

# कमिश्नर ने उप स्वास्थ्य केंद्र पठारी कला का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज उमरिया जिले के कारकेली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पठारी कला का अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उप स्वास्थ्य केंद्र पठारी कला में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं शिशु के पंजीयन रजिस्टर का अवलोकन किया। पंजीयन रजिस्टर में पूर्ण जानकारी नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने एएनएम पठारी कला गीता बैगा को निर्देश दिए की पंजीयन रजिस्टर को सम्पूर्ण जानकारी के साथ तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर लगने वाले टीके के बारे में जानकारी दें एवं निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर टीके लगाए जाएं, साथ ही 0 से 5 वर्ष तक के शिशु को भी समय पर आवश्यक टीके लगाए जाएं यह सुनिश्चित करें। कमिश्नर शहडोल संभाग ने मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया डॉ आरके मेहरा को निर्देश दिए की उमरिया जिले अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों के कार्य प्रणाली को सुदृढ़ एवं कारगर बनाएं।

# बोर्ड परीक्षाओं में एकलव्य स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं राज्य शिक्षा केंद्र का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो के छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है एवं विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय से कक्षा 10वीं में शिवांग सिंह 93% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके साथ ही प्राची द्विवेदी 92.4%, अर्पिता पाठक 91%, वागीश विश्वकर्मा 89.6%, साक्षी विश्वकर्मा 89.2%, शुभम पटेल 89.2%, दिलीप कुशवाहा 87%, अंकुश द्विवेदी 86.4%, प्रियांशी सिंह 86.2%, विकास साकेत 86% एवं रागिनी मिश्रा 85.8% तथा माध्यमिक में कक्षा 8वीं के छात्रों में से प्रशांत पाण्डेय 95.16%, प्रज्ञांसी सिंह 94.33%, पदमिनी सिंह 93.66%, अभिषेक कोल 93.66%, आंचल यादव 92.66%, गरिमा दुबे 92.33%, आदर्श सिंह चंदेल 91.83%, अंकुश सोंधिया 91.83%, ओम सिंह 91.66%, अनुराग तिवारी 91.50%, आदर्श सिंह 91.33%, अभय सिंह 91.16%, मानेंद्र मौर्या 91.16%, प्रिया सिंह 91.16%, सुधी सिंह 90.83%, योगिता सिंह 90.66%, आसी मिश्रा 90.50%, रैना सिंह 90.33%, आरशु सिंह 90.16%, ध्रुव सिंह 90.16%, कोमल मिश्रा 90.16% एवं आनंद रजक 90% तथा प्राथमिक कक्षा 5वीं में खुशी केवट 87.50%,खुशी सिंह 87.25%, ऊषा सिंह 86.25%, ओम यादव 86%, प्रबलदीप पाण्डेय 85.50%, वैष्णवी माली 85.25% एवं रुद्र प्रताप सिंह 85% तथा हायर सेकेण्डरी में कक्षा 12वीं में रेशु यादव प्रथम, विपिन पाण्डेय द्वितीय एवं शिवांगी पाण्डेय तृतीय स्थान के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है? ज्ञात हो कि विद्यालय में इन छात्र-छात्राओं के साथ अन्य छात्र-छात्रा भी जैसे कक्षा 10वीं में 39, कक्षा 8वीं में 70, कक्षा 5वीं में 34 छात्र छात्राओं ने 75% से अधिक अंक एवं कक्षा 12वीं के 10 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी अर्जित किया है इसके साथ ही सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की अपेक्षा काफी अच्छा रहा है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शैलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य रमेश सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, मचिन सिंह, विदित सिंह, ध्रुवदेव सिंह, अरविंद सिंह, शशिमा सिंह, संध्या शुक्ला, अमिता सिंह, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करुणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, रुचि सिंह, मन्ना तिवारी, माधव सिंह, अर्पिता सिंह, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, अमन वर्मा, सन्नी बैगा, शैलेंद्र तिवारी, अंकिता सिंह, बीना सिंह, रजनीश पांडेय एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली ने आयोजित किया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**सिंगरौली।** रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट (1828-1910) के जन्मदिवस पर आज दिनांक 8 मई 2024 को विश्व रेडक्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस रेडक्रॉस डीडीओआरसी भवन के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अरविंद कुमार झा, डॉ एन के जैन सी एम एच ओ, उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन एस डी सिंह के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए रेडक्रॉस की स्थापना से लेकर विश्व स्तर पर किए जा रहे उसके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया एवं पीड़ित मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की महत्व पर प्रकाश डाला। इस वर्ष 08 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में संचालित औद्योगिक कंपनी / संस्थाएं, एनजीओ, चिकित्सालय, जिला प्रशासन, बैंक, होटल, कॉलेज इत्यादि द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली को विगत एक वर्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सराहनीय योगदान दिया है, उनके सम्मान के स्वरूप में यह कार्यक्रम समर्पित था।

कार्यक्रम की शुरुवात रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन द्वारा आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करके किया गया एवं अपने उद्बोधन में बताया कि विगत एक वर्ष के दौरान जिन संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर के माध्यम से ब्लड सेंटर को सहयोग प्रदान किया है।

## रेत उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27 एवं 28 मई को

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आदेश जारी किया गया है कि मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम के पक्ष में स्वीकृत रेत खदानों से उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27 एवं 28 मई 2024 को आयोजित की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील जयसिंहनगर के रेत खदान सेमरपाखा हेतु लोक सुनवाई 27 मई 2024 को ग्राम पंचायत सेमरपाखा एवं गंधिया रेत खदान की लोक सुनवाई 28 मई 2024 को ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित की जाएगी।

# ओएमजी 2 फिल्म का हुआ प्रदर्शन बच्चो ने पूछे अभिनेत्री गीता शर्मा से सवाल

## किसी भी ज्ञान को खुलकर पढ़ना और समझना चाहिए: अभिनेत्री, ओएमजी 2 की भारतीय हिन्दी भाषा की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है

**सीधी।** इंद्रकली नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार भारतीय हिन्दी भाषा की एक व्यंग्यात्मक कॉमेडी-ड्रामा की मशहूर फिल्म ओएमजी 2 का प्रदर्शन किया गया।

फिल्म शुरू करने से पहले शहर के मशहूर डॉ. अनूप मिश्रा के द्वारा बच्चो को पुरातन ग्रन्थों के बारे में बताया गया, जिसमें खुद का ख्याल और तनाव से दूर कैसे रहा जाय एवं विज्ञान को लेकर बच्चों में चर्चा की गई। इसके उपरान्त ओमाईगॉड 2 का प्रदर्शन किया गया। यह फिल्म यौन शिक्षा की जरूरत को समझाती है। फिल्म एक स्कूल के बहाने ही सही लेकिन सच्ची समाजिक ज्वलन्त घटना की बात करती है। फिल्म ओएमजी 2 में एक किशोर बच्चा का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तैयारियों के बीच अपनी पंसदीदा दोस्त से अगल कर दिया जाता है। छात्रा के दोस्त उस बच्चे का मजाक उड़ाते है। उसके लिंग के आकार को लेकर उसके मन में शंकाओं को निर्माण करते है और बच्चा पूछे भी तो किससे वह अपनी समस्या को स्कूल के टीचर के सामने रखा तो उसे डांट दिया गया और वह सवाल यह था कि सामान्य लिंग का आकार, प्रकार कैसे होता है ?

वह शहर के नीम, हकीमों, जड़ी-बूटी बेचने वाले बाबाओं के पास भटकता है और फिर एक मेडिकल स्टोर से नकली वियाग्रा खाकर वह बिस्तर पर जाता है। स्कूल उसकी इस हरकत को समाजिक अपराध का नाम देती है और स्कूल से बाहर निकाल देती है। मगर उसके मन की बेचैनी को कोई नहीं समझता बल्कि वह सोशल मीडिया के द्वारा बदनाम कर दिया जाता है। लेकिन शिव की कृपा होती है। बच्चे का पिता स्कूल के संचालको, नीम, हकीमों, जड़ी-बूटी विक्रेताओं और मेडिकल स्टोर संचालक के साथ अपने उपर भी मुकदमा कर देता है। उद्देश्य - इस फिल्म के द्वारा समाज को यह बताने की कोशिश की गई है कि स्कूलों में विज्ञान के द्वारा बच्चों को अच्छे से नहीं समझाया जाता। जो कि इसके पहले पौराणिक समय में यह एक विषय वस्तु थी। जो यह बताने की कोशिश की गई है कि अंग्रेजो ने शासन के समय मयकालय पद्धति के द्वारा शिक्षण संस्थानों से यह शिक्षा हटा दी गई। जो आज भी इसी तरह है जिसके कारण बच्चे अपने मन में उठ रहे सवालों को न तो अपने घर के अभिभावक से पूछ पाते, न ही विद्यालय के शिक्षक से और उनके दोस्तो के द्वारा ही गलत जानकारी दी जाती है, और बच्चे पढ़ाई की जगह अलग रास्ते में भटक जाते है और अपना समाधान खुद से बताने लगते है।

जो कि इस फिल्म के माध्यम से यह बताया गया है कि शिक्षा को कामसूत्र, पंचतन्त्र, चरक, संहिता के द्वारा बच्चो को समझाया गया है। और यह बताने की कोशिश की गई है कि बच्चो को यह सब चीजें एक उम्र आने के बाद अपने मां-पिता या गुरू से जरूर साझा करना चाहिए। परिचर्चा के दौरान बच्चो ने आपस में फिल्म की अभिनेत्री गीता अग्रवाल शर्मा जी से खुलकर चर्चा किया एवं जाना कि हर व्यक्ति को इस उम्र से गुजरना पड़ता है। इसलिए हम सभी को इस शिक्षा के बारे में जानना और समझना बहुत जरूरी है।

## संपादकीय

# चीन के प्रभाव में नेपाल की उकसावे वाली जिद

पड़ोसी देश नेपाल ने पिछले कुछ समय से भारत को लेकर जैसा रवैया अख्तियार किया हुआ है, उससे साफ है कि वह चीन के प्रभाव में कुछ अवांछित फैसले भी कर रहा है। हालांकि उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत जैसे पड़ोसी के संप्रभु क्षेत्र में अगर वह दस्तावेजी तौर पर नाहक दखलअंदाजी करने की कोशिश करता है तो वह एक तरह से उकसावे की कार्रवाई है। गौरतलब है कि नेपाल सरकार ने सौ रुपए के नए नोट छापने का फैसला किया है, जिस पर देश का एक नक्शा भी होगा। किसी भी देश का यह अपना फैसला होता है कि वह अपनी मुद्रा पर क्या प्रतीक चिह्न देता है। मगर उसमें अगर किसी पड़ोसी देश की संप्रभुता के अतिक्रमण का संकेत दिखेगा तो यह निश्चित तौर पर आपत्तिजनक है। नेपाल ने सौ रुपए के नोट पर जो नक्शा छापने का फैसला किया है, उसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी इलाके भी शामिल हैं, जबकि ये भारत के सीमा क्षेत्र में हैं। पिछले चौंतीस वर्षों से वह भारत के इन तीनों क्षेत्रों को अपना बता कर विवाद को जटिल बनाता रहा है।

भारत के लिए यह तकलीफदेह इसलिए भी है कि सदियों से नेपाल के साथ मधुर रिश्ते रहे हैं। इसी वजह से नेपाल के सबसे विकट समय में भी भारत ने उसका साथ दिया है, हर स्तर पर आगे बढ़ कर मदद पहुंचाई है। अफसोस की बात है कि नेपाल भारत के साथ अपने पुराने संबंधों की गरिमा को ताक पर रख कर अब कूटनीतिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझ रहा है। नेपाल की ओर से यह विवाद करीब चार वर्ष पहले भी उठा था, जब उसने देश के नए राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शे की मंजूरी के लिए संसद में पेश किया था। सवाल है कि जो इलाके लंबे समय से और आधिकारिक तौर पर भारत का हिस्सा रहे हैं, उन पर दावा जता कर नेपाल क्या हासिल करना चाहता है! अभी तक भारत, नेपाल के इस रुख पर तीखी प्रतिक्रिया देकर शांत रह जाता रहा है। मगर अब उसे इस मसले के हल के लिए अपनी ओर से ठोस पहल करने की जरूरत है।

चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है। दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नहीं करेगा। उन पर दबावडूधौंस नहीं दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुसपैठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है। बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार रहा है। परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की है और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी है, तबसे चीन दहशत में है। चीन ब्रह्मोस का काट नहीं निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रह्मोस को नहीं रोक सकते।

# भारत के पास तिब्बत के रूप में है ऐसा ब्रह्मास्त्र, चीन की सारी चालबाजियों को पल भर में कर देगा परास्त

(अशोक मधुप)

फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सेना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है।

चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है। दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नहीं करेगा। उन पर दबावडूधौंस नहीं दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुसपैठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है। बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार रहा है। परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की है और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी है, तबसे चीन दहशत में है। चीन ब्रह्मोस का काट नहीं निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रह्मोस को नहीं रोक सकते।

ब्रह्मोस की काट निकालने के लिए चीन फिलीपींस को डराने के की कोशिश में जुटा है। चीन ने फिलीपींस के बेहद करीब अपने ड्रोन को भेजा है ताकि फिलीपींस डर जाए। लेकिन चीन का ये कदम बताता है कि असली डर फिलीपींस को नहीं बल्कि चीन को है क्योंकि अब साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई है। भारत पहले ही चीन के शत्रु देश वियतनाम की पीपुल्स नेवी को अपना आधुनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण कर चुका है। इस युद्ध पोत पर आधुनिक मिसाइल तैनात है। दरअसल अब तक चीन भारत को घेरने में लगा था। वह भारत के दुश्मन देशों को आधुनिक अस्त्र?शस्त्र को आपूर्ति करने में लगा था। अब ऐसा उसके साथ हो रहा है तो वह परेशान है। चीन

भारत में अशांति फैलाने वाले नक्सलाइट, मिजो एवं अन्य आतंकियों को आधुनिक शस्त्रों की आपूर्ति करता रहा है। सूचनाएं रही है कि उन्हें प्रशिक्षण भी दे रहा है। ऐसे में समय की मांग है कि भारत अब चीन के विरुद्ध चल रहे तिब्बत के पूर्ण स्वतंत्रता के आंदोलन का खुलकर समर्थन करें। जरूरत पड़ने पर तिब्बती के आजादी के आंदोलन के लड़ाकों को शस्त्र के साथ प्रशिक्षण भी दे।

भारत की नहीं चीन के रवैये से दुनिया के लगभग सभी देश परेशान है।इसी कारण फिलीपींस और अमेरिकी सेना का साझा युद्धाभ्यास हाल में शुरू हुआ। इस मिलिट्री ड्रील में जापान की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं। 16000 हजार सैनिक साझा युद्धाभ्यास में शामिल है। सबसे बड़ी बात कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के सैनिक भी कुछ दिन में इस जवाइंट एक्सरसाइज से रोंगे। मतलब पांच देश चीन को घेरने के लिए एक साथ होंगे। इस ड्रील में समुद्री और हवाई हमलों का अभ्यास किया जाएगा। भारत के ब्रह्मोस देने के बाद से चीन परेशान है। अभी तो ब्रह्मोस तैनात भी नहीं हुई होगी कि चीन परेशान है। वह फिलीपींस पर ड्रोन उड़ाकर उसे धमका रहा है। सवाल है कि क्या ड्रोन के जरिए चीन ब्रह्मोस के बारे में जानकारी जुटाना चाहता है। सवाल तो ये भी है कि क्या चीन उस ठिकाने का पता लगाना चाहता है, जहां फिलीपींस ब्रह्मोस को तैनात करेगी। चीन ने ड्रोन के अलावा समंदर में मिलिट्री ड्रील के जरिए भी फिलीपींस को आंख दिखाने की कोशिश की है। चीन की नौसेना ने साउथ चाइना सी में लड़ाकू विमानों और युद्धपोत से मिसाइलें दागकर फिलीपींस को डराने की कोशिश की।

दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है। चीन के टेंशन इस बात की है कि अब भारत चीन सीमा के साथ चीन-फिलीपींस सीमा पर भी ब्रह्मोस तैनात होगा। अब तो चीन के एक और दुश्मन और पड़ोसी वियतनाम ने भी ब्रह्मोस में दिलचस्पी दिखाई है, जो चीन के लिए खतरे की घंटी है।

फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सेना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन के करीब जापान पर भी अमेरिका का बेस है। ऑस्ट्रेलिया-सिंगापुर में अमेरिका ने अपना बेस बना रखा है। थाईलैंड और साउथ कोरिया में अमेरिकी सेनाएं तैनात हैं। चीन के करीब गुआम में भी अमेरिका का बेस है। इन जगहों से वक्त पड़ने पर कभी भी अमेरिका चीन पर हमला कर सकता है। साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। चीनी सेना के प्रवक्ता ने फिलीपींस को ब्रह्मोस देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का सावधान रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू क्वियान ने कहा कि 'चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए। कर्नल वू क्वियान ने कहा कि एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करता है।

आज चीन को याद आ रहा है कि दो देशों के रक्षा सहयोग से तीसरे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, किंतु जब वह खुद ऐसा करता है, तब उसे कुछ याद नहीं आता। लंबे समय से वह पाकिस्तान को आधुनिकतम युद्धक शस्त्र देने में लगा हुआ है। वह नहीं जानता कि पाकिस्तान इन शस्त्रों का प्रयोग किस देश के विरुद्ध करेगा। वह अच्छी तरह से जानता और समझता है। किंतु अपने हित में उसे कुछ याद नहीं आता। अब उसके दुश्मन देश भारत, अमेरिका और फ्रांस आदि ऐसा ही कर रहे हैं तो उसे याद आ रहा है तीसरे राष्ट्र को नुकसान न पहुंचे।

# चीनी फौज बदल रही, भारत न रहे पीछे

(हर्ष वी पंत)

**भ्रष्टाचार विरोधी अभियान – शी के मुताबिक, इससे चीनी सेना को 'मौजूदा दौर के युद्धों में प्रभावी ढंग से शामिल होने और जीत हासिल करने' में मदद मिलेगी। वैसे, इस कदम की भूमिका पिछले साल पीएलए के भीतर चलाए गए उनके व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से तैयार हुई। कई प्रभावशाली जनरल इस अभियान की चपेट में आए। चीन की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों के तेजी से बढ़ते भंडार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार रॉकेट फोर्स में भी इस वजह से डिसरप्शन आया।**

जब भारत असाधारण रूप से लंबी चुनाव प्रक्रिया में उलझा हुआ है, बाकी दुनिया अपनी प्राथमिकताओं पर आगे बढ़ रही है। पिछले हफ्ते, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश के सशस्त्र बलों के व्यापक पुनर्गठन की ओर कदम बढ़ाते हुए पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की डिविजन स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) को भंग करने का आश्चर्यजनक फैसला किया। इस डिविजन का गठन उन्होंने 2015 में किया था, जिसका मकसद पीएलए के स्पेस, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और साइकोलॉजिकल वॉरफेयर से जुड़े हिस्सों का विलय करना था।

सूचना सहायता बल = इसके स्थान पर, शी ने सूचना सहायता बल की शुरुआत की, जिसे उन्होंने पीएलए का एक नया रणनीतिक घटक बताया और कहा कि यह नेटवर्क सूचना प्रणाली को समन्वित रूप से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस फैसले के बाद अब पीएलए में चार प्राथमिक शाखाएं हो गई हैं। थल सेना, नौसेना बल, वायु सेना और रॉकेट बल। इसके अतिरिक्त, चार सहायक इकाइयां हैं- संयुक्त लॉजिस्टिक सपोर्ट फोर्स और सस्त्र से प्राप्त तीन डिविजन।

भ्रष्टाचार विरोधी अभियान - शी के मुताबिक, इससे चीनी सेना को 'मौजूदा दौर के युद्धों में प्रभावी ढंग से शामिल होने और जीत हासिल करने' में मदद मिलेगी। वैसे, इस कदम की भूमिका पिछले साल पीएलए के भीतर चलाए गए उनके व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से तैयार हुई। कई प्रभावशाली जनरल इस अभियान की चपेट में आए। चीन की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों के तेजी से बढ़ते भंडार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार रॉकेट फोर्स में भी इस वजह से डिसरप्शन आया।

शी की निगरानी को मजबूती - पुनर्गठन का ताजा प्रयास पीएलए की रणनीतिक क्षमताओं पर शी की प्रत्यक्ष निगरानी को मजबूत करता है और भविष्य में युद्ध के बदलते स्वरूप के मद्देनजर एआई और अन्य उभरती टेक्नोलॉजी का कुशलतापूर्वक उपयोग सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देता है। यह चीन के लिए इस अर्थ में भी अहम है कि वह अपनी सेना को बदलते रणनीतिक हालात और मौजूदा दौर में युद्ध के तेजी से विकसित होते स्वरूप के अनुकूल ढालने की कोशिश कर रहा है।

आधुनिकीकरण का दशक = पिछले एक दशक में चीन ने अपनी सैन्य क्षमताओं का व्यापक आधुनिकीकरण किया है, जिसका लक्ष्य पीएलए को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम अजेय ताकत में तब्दील करना है। इस आधुनिकीकरण अभियान में तकनीकी प्रगति, संगठनात्मक सुधार और सैद्धांतिक विकास सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं।

अत्याधुनिक हथियार = चीन के सैन्य आधुनिकीकरण का केंद्र बिंदु अत्याधुनिक हथियार और साजो-सामान का विकास व अभिग्रहण रहा है। इसमें एयरक्राफ्ट कैरियर्स की कमिशनिंग के जरिए नौसैनिक क्षमता में वृद्धि करना, अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट विमानों के जरिए वायु सेना का आधुनिकीकरण और उन्नत बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइलों के जरिए मिसाइल फोर्स को मजबूती देना शामिल है।

संगठनात्मक सुधार - इसके अलावा, कमांड संरचनाओं को सुव्यवस्थित करने, संयुक्त संचालन में सुधार और सेना की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संगठनात्मक सुधार शुरू किए गए हैं। इन सुधारों में नए कमांड और थिएटर कमांड की स्थापना के साथ-साथ सैन्य कर्मियों को पेशेवर और आधुनिक बनाने के प्रयास शामिल हैं।

भारत के लिए चुनौतियां =कहने की जरूरत नहीं कि चीन का सैन्य आधुनिकीकरण भारत के लिए कई तरह की चुनौतियां पेश करता है। चीन की बढ़ी हुई सैन्य क्षमताएं इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। देखा जाए तो इस क्षेत्र में चल रहे विवादों पर चीन के रुख में पहले के मुकाबला ज्यादा आक्रामकता अभी से स्पष्ट होने लगी है। ऐसे में स्वाभाविक ही दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा बढ़ गया है।

रक्षा पर खर्च = वैसे भी चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति का भारत की रक्षा योजनाओं और सुरक्षा चिंताओं पर प्रभाव पड़ता ही है। संभावित चीनी आक्रामकता के खिलाफ एक विश्वसनीय प्रतिरोध बनाए रखने के लिए भारत अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों में निवेश बढ़ाने को मजबूर है।

मेक इन इंडिया = पिछले दशक में भारत ने अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और इनकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा सुधारों का सिलसिला शुरू किया है। एक महत्वपूर्ण सुधार 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस पहल का उद्देश्य रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और रक्षा क्षमताओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। खरीद प्रक्रिया = इसके अलावा, महत्वपूर्ण मिलिटरी हार्डवेयर और प्रौद्योगिकी के अधिग्रहण में तेजी लाने के लिए रक्षा खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया और रणनीतिक साझेदारी मॉडल जैसे उद्यमों का उद्देश्य खरीद प्रक्रियाओं को सहज और सुविधाजनक बनाना और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। बुनियादी ढांचे का विकास = भारत की सीमाओं पर, विशेषकर चीन से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में, रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर बढ़ाया गया है। इसमें सशस्त्र बलों की मोबिलिटी बढ़ाने और उनके लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट बढ़ाने के मकसद से सड़कों, हवाई क्षेत्रों और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इसके अलावा, भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं ?थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच एकीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

थिएटर कमांड पर बहस - फिर भी तेजी से सुधार और व्यापक पुनर्गठन की जरूरत बनी हुई है। देश में थिएटर कमांड पर बहस अभी भी अटकी हुई है। मानव संसाधन और टेक्नोलॉजी का अनुपात वांछित स्तर से काफी कम है। चीन के हालिया कदम भारत के लिए एक चेतावनी है। भारतीय सशस्त्र बलों को 21वीं सदी के युद्ध लड़ने लायक बनाना जून में आने वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।-(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)

## वर्ग पहेली 5368



संकेत: बाएं से दाएं
1. जिसके एक मात्र देश जिसमें होकर गुजरनेवाला और सबसे लंबी दीवारों की बुनावटी है (3)
4. सत्त पदार्थ, निर्जीव, जूस, द्रव (2)
6. हाथी के समान शक्ति या ताकत (4)
8. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बनाए गए नियम (3)
9. रेड़, बुर्ज दाल, कोलाकार, मोहल्ला (2)
10. सिंदूर का अपभ्रंश, किसानाम, डाक्टर (3)
12. सम्मान पत्र को पत्र भी कहते है (3)
15. अगल-बगल, चाल-पड़ौस, मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गाया था (1980)(4)
17. अंतवर्ण, अधूत, चुतर्थ वर्ण (2)
18. विवाह दौड़ पट्टी, पानम पट्टी (3)
20. प्राचीन काल की दो पहिए या चार पहिए वाली गाड़ी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. सकल मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (2)

ऊपर से नीचे
1. प्रसार होना (5)
2. प्रेम संबंध को पत्र भी कहते है (5)
3. तरकारी, सब्जी-भाजी (2)
4. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
5. सिकन, सिकुड़न, खलल, मुकाबला (4)
7. अंतरकण, अंतरालय, कायांश (3)
11. सब कपड़ा, अलसी, कालसाक (4)
13. महाभारत के अनुसार दुर्योधन का बहनोई जो दुःशला का पति था (4)
14. महीन कंटक, खरपत्ते, अवशेष, उलझन (2)
15. इसमें, प्रसिद्ध, इसमें, नेकनामी, सलीम (3)
16. दूसरा रह, निशेष अंश, छोर (2)
17. वीर पुरुष, बहादुर, पराक्रमी (2)
19. फूलों की बनी गुथी छोटी माला जिससे स्त्रियां बालों को सुशोभित करती है (2)

### वर्ग पहेली 5367 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | र | वी | ज | मु | श | र्ण | क |
| र | ज | त | प | ट | | | लो |
| शु | | न | | री | ति | ला | र |
| गी | य | ध | स | | ग | क | |
| म | म | ता | | बा | ली | | स |
| | ता | | जु | ल | | ध | ता |
| का | न | ना | | का | ति | मा | न |
| ज | प | | री | ड | | द | |

# कर्तव्य से अधिकार तक दो पीढ़ियों की माओं का सफर

(क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार)

'मदर्स डे' यानी मां का दिन। मां को याद करना। उनको शुभकामनाएं देना। आज की माताओं के बारे में कहा जाता है कि वे एक तरह से चौबीस घंटे, सातों दिन काम करती हैं। दफ्तर और घर, दोनों मोर्चे संभालती हैं। बच्चों को पालने की जिम्मेदारी भी निभाती हैं। 'मदर्स डे' को मनाने का उद्देश्य तो यही है कि मां ने हमारे लिए जो किया, इसके लिए उनको सराहा जाए!

बात सच भी है। आज की युवा स्त्री हो या पुरुष, दोनों हरदम दौड़ते-भागते ही दिखते हैं। एक तरफ तकनीक ने जहां उनके जीवन को आसान बनाया है, वहीं दूसरी तरफ इसी तकनीक ने दफ्तर को घर के अंदर पहुंचा दिया है और इस तरह वे हर वक्त दफ्तर की निगाह में भी हैं। आज की माओं को देखती हूं और अपनी पीढ़ी की मां, चाची, नानी, दादी, ताई, बुआ आदि के बारे में सोचती हूं, तो महसूस होता है कि उनको शायद ही वह सम्मान कभी मिला, जिसकी वे हकदार थीं। किसी ने शायद ही कभी उन्हें 'हैप्पी मदर्स डे' कहा। उनका सारा परिश्रम कर्तव्य की वेदी पर होम हो गया। मां का मतलब था, चौबीस घंटे काम करने वाली स्त्री। सबेरे सबसे पहले उठने वाली और रात में सबके सो जाने के बाद सोने वाली।

मां के कामों की सूची लंबी थी- सुबह उठकर बच्चों के स्कूल जाने से पहले गाय-भैंसों की देखभाल, सानी-पानी और उनकी कोठरियों की साफ-सफाई। फिर स्नान के बाद बच्चों का नाश्ता बनाना, उनको दोपहर का भोजन देना। संयुक्त परिवार के बीस-तीस लोगों के लिए चूल्हे पर भोजन ही नहीं पकाना, सबको गरम-गरम भी खिलाना। सवेरे मुंह अंधेरे चक्की में आटा पीसना या बेसन अथवा मसाले कूटना, गेहूं को धोना, सुखाना, साफ करना, पीसना। गेहूं के मौसम में साल भर की खपत लायक गेहूं इकट्ठा करना, उन्हें कीड़ा न लगे, इसकी व्यवस्था करना, साल भर की दालों को मौसम में ही सुखाना, तेल लगाकर कीड़े से बचाना। सुबह-सवेरे दही बिलोना, मक्खन निकालना, दूध ज्वालना। दोपहर में पापड़-चिप्सियां, चिप्स, मेवाएं और तरह-तरह के अचार बनाना। पुराने कपड़ों को ठीक करना, या उनसे कुछ और उपयोगी बना लेना, कपड़ों की सिलाई, सर्दियों में स्वेटर बुनना और रजाई में रुई भलकाकर उनमें डोरे डालना। किसी त्योहार से पहले पकवानों की तैयारी। आए-गए की खातिरदारी। पड़ोस की किसी शादी, मुंडन, कथा-कीर्तन आदि की दुनियादारी निभाना। वहां से लौटकर फिर से घर के कामों में जुट जाना। उस दौर की हर मां या कहें कि हर स्त्री की यही कहानी है। इन कामों में कोई अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि हो सकता है कि कुछ काम बताने से रह ही गए हों।

उस दौर की स्त्रियां जो भी काम करती थीं, आज वे सारे काम बाजार के हवाले हैं। आज की महिलाओं के पास इतना समय नहीं कि वे किसी त्योहार पर पकवान बना सकें, मसाले पीस सकें, घर में गेहूं साफ करके आटा पिसवा सकें। इसके अलावा आज की स्त्री को तमाम किस्म की तकनीकी सुविधाएं प्राप्त हैं। पुरानी स्त्री जिस चूल्हे पर रात-दिन लगी रहती थी, उसकी जगह आज गैस चूल्हे हैं। कुकर है, मिक्सी है, माइक्रोवेव है, खाना खराब न हो, इसके लिए फ्रिज है, कपड़े धोने की मशीन है। इनके अलावा घरेलू सहायिकाएं हैं। खाना पकाने वाले या वालियां हैं। कहीं आने-जाने के लिए तरह-तरह की सुविधाएं हैं। काश! हमारी नानी-दादी के जीवन काल में ये सुविधाएं होतीं। वे भी कुछ चैन पा सकतीं।

आज की मां और उस दौर की मां के परिश्रम में एक बड़ा फर्क यह है कि आज की स्त्री को उसके परिश्रम का मूल्य मिलता है, इसलिए उसकी मेहनत सबको दिखाई देती है। उस दौर की मां चाहे जितनी मेहनत करती थी, वह सब घर-परिवार की देखभाल के खाते में चला जाता था, इसलिए उसके श्रम की कोई कीमत नहीं थी। उस दौर की स्त्री को हमने सिर्फ मां के कर्तव्यों की सीमा-रेखा में कैद कर दिया। शायद उनके साथ बहुत अन्याय किया!

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। भुगतान मिलने के बाद आप व्यवसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। आपको कमाई के उम्दा अवसर मिलते रहेंगे। घटनाएं आपके अनुकूल रहेंगी।

### वृषभ
आज का दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा और आज आपकी कार्य से संबंधित योजनाएं सफल होंगी। आज आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी। आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात्रि के समय किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका आपको मिलेगा।आज आपको जरूरी कार्य में खर्च करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज भाग्?य साथ दे रहा है और आज आपके लिए ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आज घर में भाइयों से आपका विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। शत्रु पक्ष के लोग आपकी परेशान कर सकते हैं। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन सफलता देने वाला होगा। आज ग्रहों के शुभ योग से आपके भाग्?य में वृद्धि होगी। पुराने किसी मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है। कोई खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी। सायं से लेकर रात्रि तक सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे।

### सिंह
आज परेशानियों में बीतेगा। कारोबार में अकस्मात् लाभ मिलने से हर्ष होगा। आपको खोया हुआ विश्वास पुन: प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। आज आपके परिवार का कोई?व्यक्ति आपके मन की बात को जानने का प्रयास करेगा। सावधान रहें और अपनी प्रगति की बातें

### कन्या
आज काफी समय से जो असमंजस बना है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपको किस्?मत का साथ मिलेगा। ज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी। शाम का वक्?त आनंद में बीतेगा।

### तुला
आज भाग्?य साथ दे रहा है और आज जो भी कार्य आप मेहनत से करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आप ऑफिस के कार्य में कोई रिस्?का न लें तो आपके लिए अच्?छा होगा। आप यही सोचकर आगे बढ़ें कि किसी संकट में फंस जाते हैं तो क्या कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन सफलता से भरा होगा और पूरा दिन काफी व्?यस्?त रहेंगे। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शाम तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर सकते हैं। रात का समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### धनु
आज परीक्षा को पास करने में सफलता मिलेगी। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उसमें आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। भाग्?य आपका साथ देगा।

### मकर
आज का दिन भाग्?यशाली है और आज आपका मूड सुबह से ही अच्?छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगेंगी तो आपको लाभ होगा। व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगेंगे।

### कुंभ
आज आपके विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं तो आपकी परेशानियां और बढ़ सकती हैं। अपने वरिष्?ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। आज के दिन आपका जरूरी कार्य में काफी खर्च होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय आपको मिलेगा। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में पैसों की कमी नहीं होगी। अगर संतान के विवाह की बात चल रही है तो आज बात पक्?की हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवैसी ने इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात रोकने की मांग की

**हैदराबाद, एजेंसी।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात बंद करने और जो पहले से वहां फंसे हैं उन्हें वापस लाने की मांग की। हैदराबाद के सांसद ने भारतीयों को इजरायल न जाने की सरकार की एडवाइजरी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह मांग की। उन्होंने एक्स पर पूछा, मोदी सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से इजरायल न जाने को कहा गया है। फिर भारत भारतीयों को इजरायल क्यों भेज रहा है? यदि यह सुरक्षित नहीं है, तो भारतीयों को मौत के मुंह में क्यों भेजा जा रहा है? क्या (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी उनकी सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ले रहे हैं? ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ने कहा कि इजरायल नरसंहार करने के क्रम में है और उसे गरीब भारतीयों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने पोस्ट किया, भारतीय कामगारों का निर्यात तुरंत रोका जाना चाहिए और जो पहले से वहां हैं उन्हें वापस लाया जाना चाहिए। एक अन्य पोस्ट में ओवैसी ने दावा किया कि चीनी विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी को नजरअंदाज तथा उनके अनुरोध को खारिज कर दिया, और पूछा कि वह देश को यह क्यों नहीं बताते कि रीमा पर लंबे समय से स्थिति क्या है।

### अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुणे जा रहे आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने शनिवार को सात महिलाओं सहित आठ बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया। सभी पुणे जा रहे थे। जीआरपी और आरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में आठ बांग्लादेशी नागरिकों के साथ एक भारतीय दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कोलकाता जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस में सवार होने वाले थे। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि वे रोजगार की तलाश में कोलकाता से महाराष्ट्र के पुणे जाने वाले थे। राज्य में इसी सप्ताह दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिकों को धलाई जिले में उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे वापस बांग्लादेश जाने की तैयारी में थे।

### पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए करेगा वोट : गजेंद्र सिंह शेखावत

**नवांशहर , एजेंसी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए वोट करेगा। आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुभाष शर्मा के लिए खरार, बालाचौर और नवांशहर में आज चुनाव प्रचार करते हुए शेखावत ने कहा, आप सरकार की गलत नीतियों और उसके नेताओं की अनुभवहीनता के कारण राज्य का राजस्व नहीं बढ़ रहा है, और सरकार रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों के लिए कर्ज लेने के लिए मजबूर है। अब स्थिति इतनी खराब हो गई है कि सरकार को पुराने कर्ज कि किस्त चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस के कारण पंजाब खस्ताहाल हो गया था, अब आम आदमी पार्टी ने स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अकाली दल, कांग्रेस और आप को आजमा चुके हैं। अब भाजपा एकमात्र विकल्प बची है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि पंजाब के लोग उज्ज्वल भविष्य के लिए राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने का मन बना चुके हैं। भाजपा उम्मीदवार शर्मा ने दावा किया कि आप सरकार के कार्यकाल में उद्योग पंजाब से पलायन कर रहे हैं और राज्य में बेरोजगारी बढ़ गई है। कांग्रेस ने आनंदपुर साहिब सीट से विजय इंदर सिंगला को और आप ने मालविंदर सिंह कंग को टिकट दिया है। शिरोमणि अकाली दल के प्रेम सिंह चंदूमाजरा और बसपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी भी इस सीट से उम्मीदवार हैं।

### अब भाजपा बदल रही अपनी चुनावी रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो गए हैं अब चौथे चरण का मतदान कल 13 मई को होने जा रहा है। इसी चुनावी दौर में भाजपा ने चुनावी प्रचार की रणनीति बदलने का मन बना लिया है। इसके पीछे की वजह ये है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से रिहा हो गए हैं और वो लगातार भाजपा पर आक्रमक हैं। ऐसे में अब भाजपा अपने चुनाव प्रचार में बदलाव करेगी। पार्टी के नेताओं का कहना है कि चुनाव प्रचार में वह अन्य पार्टियों से आगे चल रही है, लेकिन केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर अब आप के चुनाव प्रचार में भी तेजी आएगी।केजरीवाल भाजपा व केंद्र सरकार पर आक्रामक रुख अपनाएंगे। इसे ध्यान में रखकर भाजपा भी चुनाव प्रचार की रणनीति बदलेगी।भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी रक्षात्मक होने की जगह आक्रामक तरीके से आम आदमी पार्टी व केजरीवाल पर हमला बोलेगी। पार्टी के चुनाव प्रचार के केंद्र में अब आम आदमी पार्टी की सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप रहेंगे।कार्यकर्ता व नेता मतदाताओं को यह बताने का प्रयास करेंगे कि केजरीवाल आबकारी नीति व अन्य घोटालों के सूत्रधार हैं। जांच एजेंसियों के पास उनके विरुद्ध पर्याप्त सुबूत हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि तमाम शर्तों के साथ अंतरिम जमानत मिली है और यह कानूनी प्रक्रिया है।सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाने से रोक दी है। यह किसी भी मुख्यमंत्री के लिए शर्मनाक बात है।

# कृष्णनगर में दो महिलाओं का दिलचस्प चुनावी मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में जलंगी नदी के किनारे बसे ऐतिहासिक कृष्णनगर संसदीय सीट पर इस बार दो महिलाओं के बीच विरासत और इतिहास की जंग है. यह दोनों महिलाएं हैं नगद लेकर सवाल पूछने के आरोप में संसद से निष्कासित पूर्व स्थानीय सांसद और तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मोहुआ मोइत्रा और स्थानीय राजपरिवार की उत्तराधिकारी अमृता राय. बीजेपी ने यहां अमृता राय को अपना उम्मीदवार बनाया है. दूसरी ओर, लेफ्ट और कांग्रेस के साझा उम्मीदवार एस.एम.सादी भी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं. इस सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है. जस की तस शहर की समस्याएं कृष्णनगर सीट अपने ऐतिहासिक विरासत और उम्मीदवारों के कारण राज्य की सबसे अहम सीटों में शामिल हो गई है. यह इलाका किसी दौर में लेफ्ट का गढ़ था. वह नौ बार यह सीट जीत चुकी है. हालांकि बीते तीन चुनावों में यहां तृणमूल कांग्रेस का ही परचम लहराता रहा है. सांसद चाहे किसी भी पार्टी का रहा हो, शहर की समस्याएं जस की तस हैं. अनियंत्रित शहरी विकास के कारण होने वाली समस्याओं के अलावा जलंगी नदी पर बनने वाले बांध और शहर के बीचोबीच एक रेलवे ओवरब्रिज की मांग दशकों पुरानी है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब तक किसी ने भी इस मुद्दे पर कुछ खास काम नहीं किया है. बावजूद इसके कई लोग चाहते हैं कि इस बार भी महुआ ही जीतें. कृष्णनगर में रहने वाली गृहिणी शोभा घोष डीडब्ल्यू से कहती हैं, इलाके में चाहे कोई भी जीते, स्थानीय समस्याओं पर ध्यान देना जरूरी है. बीजेपी उम्मीदवार को राजनीति की कितनी समझ है, यह तो नहीं पता. वो पहली बार राजनीति में उतरी हैं. लेकिन महुआ मोइत्रा की संसद में सक्रियता के कारण कृष्णनगर हमेशा सुर्खियों में रहा है. अब शायद अपने दूसरे कार्यकाल में वह इलाके की समस्याओं पर भी ध्यान देंगी पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक वोट बैंक पर खींचतान इसी तरह एक कॉलेज में एम.काम की पढ़ाई करने वाले आशुतोष मुखर्जी का कहना है, तमाम दलों ने इस सीट को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है. लेकिन उनको स्थानीय समस्याओं के साथ ही रोजगार और उद्योगों पर भी ध्यान देना चाहिए. यहां रोजगार के नाम पर कुछ भी नहीं है बीजेपी के लिए महुआ को हराना अहम है. उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संसद में अडानी से संबंधित सवाल उठा कर सरकार की नाक में दम कर दिया था. आखिर में उनकी सदस्यता तक रद्द कर दी गई. यही वजह है कि बीजेपी ने उनको हराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है. उधर टीएमसी ने भी यहां महुआ की जीत को अपनी नाक और साख का सवाल बना लिया है. अमृता राय का शाही परिवार बीजेपी उम्मीदवार अमृता राय को स्थानीय लोग रानी मां के नाम से संबोधित करते हैं. इस चुनाव में अचानक वर्ष 1757 में हुए पलासी के युद्ध का जिक्र भी होने लगा है. दरअसल, अमृता राय उसी कृष्णचंद्र राय के परिवार से हैं जिन पर पलासी की लड़ाई में बंगाल के तत्कालीन नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ देने के आरोप लगते रहे हैं. हालांकि अमृता राय को दलील है कि दरअसल कृष्णचंद्र राय सिराज के खिलाफ साजिश में शामिल होकर अंग्रेजों की सहायता से सनातन धर्म की रक्षा करना चाहते थे. अमृता की उम्मीदवारी ने एक बार फिर राजा-राजवाड़ों के दौर और ब्रिटिश शासनकाल की घटनाओं पर आरोप-प्रत्यारोप और बहस तेज कर दी है. बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के लिए यह सीट किस कदर नाक का सवाल बन गई है, यह इसी से पता चलता है प्रधानमंत्री समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता, अमृता के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं. अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने भी यहां रोड शो किया है. लोकसभा चुनाव में बड़ी पश्चिम बंगाल की अहमियत मान्य जाता है कि राजा कृष्णचंद्र राय (1728-1782) के नाम पर इस शहर का नाम कृष्णनगर पड़ा था. एक अन्य मान्यता के मुताबिक राजा कृष्णचंद्र राय श्रीकृष्ण के भक्त थे।

## जिन राज्यों में भाजपा का दबदबा, वहां विपक्ष को अच्छे रिजल्ट की आस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का चौथा चरण चौखट पर है और विपक्ष भी अब संख्या की बात खुलकर करने लगा है। बहुमत के जादुई आंकड़े से भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को दूर रखने के लिए विपक्ष कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु सहित दक्षिण के अपने गढ़ के अलावा हरियाना, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की आस में है। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि जिन राज्यों में भाजपा ने शत-प्रतिशत प्रदर्शन किया था वहां इस बार विपक्ष सेंधमारी जरूर करेगा।

**विपक्ष के उत्साह से सियासी लड़ाई हुई रोचक :** दावे में कितनी सचाई है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन विपक्ष का उत्साह बचे हुए चरणों में लड़ाई को और रोचक बना रहा है। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो उत्तर भारत में जहां एनडीए दमदार दिख रहा था, वहीं, दक्षिण भारत में इंडिया का किला मजबूत दिख रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि हर चुनाव का अपना अलग गणित होता है इसलिए इस बार कई उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में विपक्ष को उम्मीद :** जानकारों का कहना है कि गुजरात 26 सीट, राजस्थान 25 सीट, मध्य प्रदेश 29 सीट, उत्तराखंड 5 सीट, दिल्ली 7 सीट, यूपी 80 सीट, छत्तीसगढ़ 11 सीट, हरियाणा 10 सीट वाले राज्यों में भाजपा का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार हरियाणा , राजस्थान सहित कई राज्यों में विपक्ष को भाजपा का सक्सेस रेट कम और अपना बढ़ता दिख रहा है। इनमें से ज्यादातर जगहों पर चुनाव हो चुका है। दिल्ली और हरियाणा में चुनाव होना बाकी है। यूपी की भी कई सीटों पर मतदान होना बाकी है।

**बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर मतदान संपन्न :** पिछले परिणामों के लिहाज से कर्नाटक को छोड़ दें तो दक्षिण में इंडिया गठबंधन मजबूत नजर आ रहा है। तमिलनाडु, केरल से लेकर तेलंगाना में कांग्रेस, डीएमके और वाम दल भाजपा पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। लेकिन बीजेपी को कर्नाटक के साथ तेलंगाना और आंध्र में गठबंधन के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## हिन्दू नेता की हत्या के षडयंत्र के मामले में एक और आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**सूरत , एजेंसी।** सूरत क्राइम ब्रांच ने हिन्दू नेताओं की हत्या के षड्यंत्र के मामले में एक और आरोपी को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी शहनवाज उर्फ मोहम्मद अली उर्फ मोहम्मद साबिर को लेकर क्राइम ब्रांच सूरत लौट आई है। सूरत क्राइम ब्रांच आरोपी मोहम्मद अली मोहम्मद साबिर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना है। बता दें कि देश के जाने-माने हिन्दूवादी नेताओं को टार्गेट कर उनको जान से मार की धमकी और उनकी हत्या का षड्यंत्र रचने वाले एक मौलवी को सूरत क्राइम ब्रांच ने कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार मौलवी आम चुनावों के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की साजिश रच रहा था। सूरत की एक धागा फैक्ट्री में बतौर मैनेजर के रूप में काम करनेवाले और मुस्लिम बच्चों को इस्लाम पर निजी ट्यूशन देनेवाला मौलवी सोहेल अब्दुलक्कर मोल मूल रूप से महाराष्ट्र के नंदूरबार का रहने वाला है। जो लंबे समय से सूरत में रहता था और सूरत से ही उसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उसे हिन्दू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा को मारने के लिए पाकिस्तान और नेपाल के लोगों के साथ मिलकर 1 करोड़ रुपए की सुपारी देने मौलवी के फोन नंबर से मिली तस्वीरें और अन्य विवरण से पता चला कि वह सुदर्शन टीवी के प्रधान संपादक सुरेश चव्हाणके, राजनीतिक नेता नुपुर शर्मा और हैदराबाद के विधायक टी राजासिंह को निशाना बनाने और धमकी देने के बारे एक सुरक्षित एप पर चर्चा कर रहा था।

## राहुल गांधी ने स्वीकार किया फेस-टू-फेस बहस का न्योता, अब पीएम मोदी के पाले में गेंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव पर सार्वजनिक बहस के लिए निमंत्रण का स्वागत किया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि उन्हें या पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को ऐसी चर्चा में भाग लेने में खुशी होगी और उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें भाग लेंगे। राहुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रमुख दलों का एक मंच से अपना दृष्टिकोण देश के समक्ष रखना एक सकारात्मक पहल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश प्रधानमंत्री से भी इस संवाद में हिस्सा लेने की अपेक्षा करता है।

कांग्रेस नेता ने एक्स पर जस्टिस (रिटायर्ड) मदन बी. लोकुर, जस्टिस (रिटायर्ड) अजीत पी. शाह और एन. राम को अपना जवाब साझा किया, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में उन्हें और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रमुख चुनावी मुद्दों पर बहस के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया था। देश के नेताओं को संबोधित अपने पत्र में तीनों ने कहा था कि बहस का प्रस्ताव गैर-पक्षपातपूर्ण और प्रत्येक नागरिक के व्यापक हित में है। राहुल ने कहा कि उन्होंने खरगे के साथ निमंत्रण पर चर्चा की। वे इस बात पर सहमत हुए कि इस तरह की बहस से लोगों को हमारे संबंधित दृष्टिकोण को समझने में मदद मिलेगी और वे एक सही विकल्प चुनने में सक्षम होंगे। जनता सीधे अपने नेताओं से सुनने की हकदार निमंत्रण के जवाब में लिखे गए अपने पत्र में राहुल गांधी ने लिखा, हमारी संबंधित पार्टियों पर लगाए गए किसी भी निराधार आरोप पर लगाम लगाना भी महत्वपूर्ण है। चुनाव लड़ने वाली प्रमुख पार्टियों के रूप में जनता सीधे अपने नेताओं से सुनने की हकदार है। इसलिए या तो मुझे या कांग्रेस अध्यक्ष को ऐसी बहस में भाग लेने में खुशी होगी। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि वह सार्थक और ऐतिहासिक बहस में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि कृपया हमें बताएं कि क्या प्रधानमंत्री भाग लेने के लिए सहमत हैं, जिसके बाद हम बहस के विवरण और प्रारूप पर चर्चा कर सकते हैं।

राहुल गांधी ने पत्र के साथ एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, कांग्रेस इस पहल का स्वागत करती है और चर्चा का निमंत्रण स्वीकार करती है। देश प्रधानमंत्री जी से भी इस संवाद में हिस्सा लेने की अपेक्षा करता है। शुक्रवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में राहुल ने दर्शकों में से एक के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि वह बहस में मोदी का मुकाबला करने के लिए शत-प्रतिशत तैयार हैं। उन्हें पता था कि प्रधानमंत्री सहमत नहीं होंगे।

## दिल्ली में 1 लाख, 71 हजार मुकदमें एक दिन में हुए खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर की अदालतों पर दिन-प्रतिदिन बढ़ते मुकदमों के बोझ के बीच राजधानी दिल्ली में महज एक दिन में 1 लाख, 71 हजार से अधिक मुकदमों का निपटारा कर एक नई मिसाल पेश की गई है। दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) द्वारा शनिवार को राजधानी में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 1.71 लाख मामलों का निपटारा किया गया। सात जिला अदालत परिसरों में कुल 360 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया था, जबकि दिल्ली हाईकोर्ट, जिला उपभोक्ता मंच, कर्ज वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) और स्थायी लोक अदालत में 16 बेंचों का गठन किया गया था। 2,54,392 मुकदमों में 1.80 लाख नोटिस शाखा (एनबीटी) ट्रैफिक चालान, 1,263 ट्रैफिक चालान, 54,927 लंबित मामले, 17,166 प्री-लिटिगेशन मामले और हाईकोर्ट के समक्ष लंबित 1,036 मामले शामिल हैं। जिला अदालतों में कुल 1,70,008 मामले निपटाए गए और समझौता राशि 291.34 करोड़ रुपये रही। इन मामलों में, 1.69 करोड़ रुपये की निपटान/जुर्माना राशि के लिए दिल्लीभर में 1,42,323 ट्रैफिक चालान का निपटान किया गया।डीएसएलएसए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि लोक अदालतों की अलग-अलग बेंचों में कुल मिलाकर 1,71,305 मामले निपटाए गए, जिनमें सेटलमेंट राशि 1737.75 करोड़ रुपये थी। डीएसएलएसए की इस कोशिश ने इससे न्याय तक पहुंच को बढ़ावा देने में वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र की प्रभावकारिता पर प्रकाश डाला है। आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 2,54,392 मामले लोक अदालत में भेजे गए थे। साउथ वेस्ट डीएसएलएसए, द्वारका कोर्ट कॉम्प्लेक्स ने मोटर दुर्घटना का शिकार पीड़ितों के पक्ष में 3.43 करोड़ रुपये (लगभग) की राशि और बीमा कंपनी द्वारा उनके अधिवक्ताओं को भुगतान की जाने वाली राशि के लिए एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मामले का निपटारा किया। लोक अदालत के दौरान दक्षिण-पूर्व डीएसएलएसए, साकेत कोर्ट में वर्ष 2014 से संबंधित सबसे पुराने मामले का भी सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया। दिल्ली हाईकोर्ट में लोक अदालत बेंच का भी गठन किया गया, जहां 44 मामलों का निपटारा 2.01 करोड़ रुपये की समझौता राशि पर किया गया। वहीं, राज्य और जिला उपभोक्ता मंचों पर भी बेंचों का गठन किया गया, जहां 215 मामलों का निपटारा 10.33 करोड़ रुपये की समझौता राशि पर किया गया। ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) में भी लोक अदालत बेंच का गठन किया गया, जहां 94 मामलों का निपटारा 1429.97 करोड़ रुपये की समझौता राशि पर किया गया। स्थायी लोक अदालत में बिजली मामलों के लिए भी बेंच का गठन किया गया, जहां 944 मामलों का निपटारा 4.11 करोड़ रुपये की समझौता राशि पर किया गया। डीएसएलएसए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कुल मिलाकर 1,71,305 मामले निपटाए गए डीएसएलएसए के स्पेशल सेक्रेटरी जज नवीन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवाद समाधान, सुलह और सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने के लिए एक विशिष्ट मंच के रूप में कार्य करती है। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि यह पहल एक ऐसी कानूनी प्रणाली को बढ़ावा देने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल निष्पक्ष और उचित है बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए आसानी से सुलभ भी है।

## यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में सुनने के बाद भी आपके बगल में बैठना पाप - राज्यपाल से बोलीं ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर अपना हमला तेज करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में सुनने के बाद भी आपके बगल में बैठना पाप है। ममता ने कहा अगर राज्यपाल चाहेंगे तो वह उनसे सड़कों पर मिलेंगी, लेकिन राजभवन नहीं जाएंगी, क्योंकि उनके बगल में बैठना अब पाप होगा। बृहस्पतिवार को यौन उत्पीड़न की घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज की स्क्रीनिंग का जिक्र करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि इसे संपादित किया गया था। उन्होंने कहा कि उनके पास पूरी फुटेज के साथ-साथ और वीडियो वाली एक पेन ड्राइव भी है। यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सीवी आनंद बोस ने ममता बनर्जी पर कटाक्ष करने के लिए दीदीगिरी शब्द का इस्तेमाल किया था और कहा था कि दीदीगिरी नहीं चलेगी। शनिवार को हुगली में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने हिंदी और बंगाली के मिश्रण में कहा, माननीय राज्यपाल, मेरी गलती क्या है? मुझे यह भी नहीं पता कि पूरी घटना क्या है? राज्यपाल ने कहा था कि दीदीगिरी नहीं चलेगी और मैं कहती हूं कि सही है। दादागिरी और दीदीगिरी नहीं चलेगी, लेकिन राज्यपाल, आपको पहले पद छोड़ना होगा। आप कौन होते हैं एक महिला को यातना देने वाले मैंने सुना है कि उन्होंने कल प्रेस को बुलाया था। क्या उन्होंने पूरी सीसीटीवी फुटेज दिखा दी मेरे पास सीसीटीवी फुटेज की एक कॉपी है। मुझे यह प्रेस के एक साथी से मिली है। संपादित कॉपी भी मेरे पास है। यौन उत्पीड़न की पूरी बात अभी तक सामने नहीं आई है। मुझे एक और वीडियो मिला है। एक पेन ड्राइव में और भी घटनाएं हैं, इसके बाद की घटनाएं। ममता ने कहा, अगर वह मुझे राजभवन बुलाएंगे तो मैं नहीं जाऊंगी। अगर वह मुझे सड़कों पर मिलने के लिए बुलाएंगे तो मैं ऐसा करूंगी। लेकिन, घटनाओं के बारे में सुनने के बाद भी आपके बगल में बैठना पाप है। आरोप सामने आने के बाद बोस ने बनर्जी पर निशाना साधा था और उन पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया था। राज्यपाल ने कहा था, मैंने हमेशा यह रुख अपनाया कि उनकी राजनीति मेरे बस की बात नहीं है और मैंने उस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। अब मेरे खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के कारण, मैं आपको यह बताने के लिए मजबूर हूं कि ममता बनर्जी की राजनीति गंदी है। फिर भी मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि वह उन्हें बचा लें।

## मेरी शिकायतों की अनदेखी हुई, चुनाव आयोग पर फूटा मल्लिकार्जुन खरगे का गुस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके शिकायतों की अनदेखी की है। खरगे ने कहा कि आयोग ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे गए एक पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों से निपटने में कोई तत्परता नहीं दिखा रहा है और यह हैरान करने वाला है।

पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खरगे द्वारा इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया था। खरगे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को। खरगे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। पत्र की भाषा को लेकर मेरे मन में कुछ शंकाएं हैं, लेकिन मैं उस मुद्दे पर जोर नहीं दूंगा, क्योंकि मैं समझता हूं कि वे किस दबाव में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का पत्र एक तरफ कहता है कि आयोग नागरिकों के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता है और दूसरी तरफ, नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह के रूप में धमकाता है। खरगे ने कहा, मुझे खुशी है कि आयोग समझता है कि उसे संविधान के तहत निर्बाध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने वाले सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों के खिलाफ कार्रवाई करने में आयोग द्वारा दिखाई गई तत्परता की कमी हैरान करने वाली लगती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह यह लिखने की आवश्यकता से हैरान हैं कि आयोग किसी निर्वाचन क्षेत्र या राज्य के समग्र स्तर पर मतदान के आंकड़े को प्रकाशित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है, भले ही यह तथ्यात्मक हो। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हमारे देश के कई मतदाता भी आश्चर्यचकित होंगे। कई मतदाता जो चुनावों में गहरी रुचि रखते हैं, वे यह भी देखना चाहेंगे कि मतदान की कुल संख्या आयोग द्वारा सीधे सार्वजनिक की जाए। निर्वाचन आयोग ने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

# चेन्नई ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया

● गायकवाड ने नाबाद 42 रन बनाए, सिमरजीत ने 3 विकेट लिए

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा सीजन के 61वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। दिन के पहले मैच में एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया। जवाब में चेन्नई ने 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए

राजस्थान ने चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए। टीम के लिए रियान पराग ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके।

# बीसीसीआई सेक्रेटरी ने घरेलू क्रिकेट के लिए किए तीन सिफारिश

● रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच चार दिन का गैप, सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म होगा

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है।

रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दुल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दुल की बात तो बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया। बीसीसीआई अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है।

रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे। वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे। 2023-2024 सीजन में रणजी के मैच जनवरी में हुए थे। इस दौरान मौसम की खराबी की वजह से कई मैचों में बाधा उत्पन्न हुई थी। इसलिए इसे अब सितंबर-अक्टूबर में कराया जाएगा। पिछले सीजन खराब मौसम की वजह से कई रणजी मैचों में परेशानी हुई थी।

आईपीएल:2024

# अगले सीजन कोलकाता का हिस्सा होंगे रोहित शर्मा?

● केकेआर कोच और प्लेयर संग मीटिंग के बाद मिले संकेत

नईदिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया. इस जीत के बाद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ में पहुंच गई है. वहीं, मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स मैच के बाद रोहित शर्मा की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है. दरअसल, रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच और खिलाड़ियों संग बैठे नजर आए. इस दौरान लंबी बातचीत हुई. इसके बाद सोशल मीडिया पर लगातार तरह-तरह के कयास लग रहे हैं. सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा होंगे.

दरअसल, इस सीजन की शुरुआत से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान बनाया. जिसके बाद खबरों में दावा किया गया कि रोहित शर्मा खुश नहीं है. बहरहाल, अब सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा अगले सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा हो सकते हैं.

### मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा

वहीं, इस पर कोलकाता नाइट राइडर्स स्पोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम का भी बयान आया है. वसीम अकरम ने कहा कि मुझे लगता है रोहित शर्मा अगले सीजन मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं होंगे.

मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा. रोहित शर्मा को कीपर ओपनर, गौतम गंभीर को मेंटर और श्रेयस अय्यर को कप्तान के तौर पर देखना शानदार अहसास होगा. इसके अलावा ईडेन गार्डेन्स की पिच रोहित शर्मा को पसंद आएगी.

## पीयूष चावला की भविष्यवाणी

# कोलकाता नाइट राइडर्स जीत सकती है खिताब

नईदिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है. केकेआर ने 12 मैच खेले है और 9 में जीत दर्ज की है. उसे 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. केकेआर ने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया. मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला ने केकेआर की जीत के बाद अहम प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि केकेआर इस बार फाइनल जीतकर खिताब अपने नाम कर सकती है. पीयूष चावला ने केकेआर के खिलाड़ियों की तारीफ की है.

एक खबर के मुताबिक पीयूष चावला ने कहा, केकेआर के स्पिनर्स जिस तरह से बॉलिंग कर रहे हैं और जिस तरह से बैटिंग कर रहे हैं, वे खिताब जीत जीत सकते हैं. लेकिन प्लेऑफ के दिन यह क्या होता है, यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होगा. उनके पास अच्छा मोमेंटम है. आपको मैच बदलने के लिए सिर्फ चार ओवरों की जरूरत होती है. केकेआर ने इस सीजन में दमदार प्रदर्शन किया है. उसने 12 मैच खेले हैं और इस दौरान 9 में जीत दर्ज की है.

कोलकाता को 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. उसके पास 18 पॉइंट्स हैं. केकेआर ने इस सीजन में अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रनों से हराया था. इसके बाद आरसीबी के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी. उसने दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स को भी हराया. हालांकि चेन्नई के खिलाफ एक मैच में हार का सामना भी किया. बता दें कि केकेआर के लिए इस सीजन में सबसे ज्यादा रन सुनील नरेन ने बनाए हैं. उन्होंने 12 मैचों में 461 रन बनाए हैं. नरेन ने इस दौरान 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109 रन रहा है. फिलिप साल्ट ने भी टीम के लिए अच्छा परफॉर्म किया है. उन्होंने 12 मैचों में 435 रन बनाए हैं.

पेरिस ओलंपिक: 2024

# रेसलर अमन सहरावत ने हासिल किया भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। वह पहले ही राउंड में बाहर हो गए। भारत के लिए यह छठा पेरिस ओलंपिक 2024 कुश्ती कोटा है, जबकि पुरुषों के डिवीजन में पहला है।

पिछले सभी पांच कोटा भारतीय महिला पहलवानों ने हासिल किये थे। अंडर 23 विश्व चैंपियन सहरावत ने सेमीफाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया। इसकुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का आखिरी मौका है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन कोटा दांव पर हैं। अपने दोनों मुकाबलों में अमन ने आसानी से जीत हासिल की। पहले उन्होंने जॉर्जी वालेन्टीनोव को 10-4 से मात दी। इसके बाद अमन ने यूक्रेन के एंड्री पालासेको को हराया। पालासेको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'टेक डाउन' के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 के अंतर से हराया।

आईपीएल:2024

# विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह देना ठीक नहीं: मैथ्यू हेडन

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले विराट कोहली की बल्लेबाजी पर लगातार सवाल उठते रहे. खासकर, टी20 फॉर्मेट में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर दिग्गज अपना बयान देते रहे हैं. लेकिन इस सीजन विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है.

दरअसल, अब तक इस सीजन विराट कोहली 12 मैचों में 153.51 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बना चुके हैं. साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु का यह बल्लेबाज ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर चल रहा है. बहरहाल, अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का बयान आया है.

### विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए...

दरअसल, मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए. ऐसे खिलाड़ियों का खेल वक्त के साथ खुद ब खुद बेहतर होता जाता है. उन्होंने कहा कि फैंस के लिहाज से देखूं तो विराट कोहली की स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय रहा है, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि वह शानदार बल्लेबाज हैं. खासकर, तकनीकि तौर पर विराट कोहली का कोई जवाब नहीं है. लिहाजा, तीनों फॉर्मेट में वह बेहतरीन बल्लेबाज हैं.

### मिडिल ओवर्स में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट परेशानी का सबब...

इस सीजन विराट कोहली ने मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ 138 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. मैथ्यू हेडन का मानना है कि मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ विराट कोहली की स्ट्राइक रेट जरूर परेशानी का सबब है. वह कहते हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में तकरीबन सारी टीमों के पास 2 स्पिनरों होंगे, किसी टीम के पास 3 भी हो सकते हैं. लिहाजा विराट कोहली के लिए मिडिल ओवर्स में तेजी से रन बनाना चुनौती होगी. हालांकि, मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली जिस तरह के खिलाड़ी हैं, वो खुद को हालात के मुताबिक ढाल लेंगे.

# बड़े खिलाड़ियों पर मौन, छोटों को सजा! अब केकेआर के रमनदीप सिंह पर आईपीएल में ठोका गया जुर्माना

कोलकाता, एजेंसी। केकेआर के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 27 वर्ष के खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

यह पता नहीं चल पाया है कि रमनदीप सिंह को किस गलती की सजा दी गई है। इससे पहले केकेआर के ही हर्षित राणा को फ्लाइंग किस सेलिब्रेशन पर बैन किया गया था जबकि विराट कोहली के गन स्टाइल हिंसात्मक सेलिब्रेशन पर हर किसी ने आंखें मूंद ली थी।

केकेआर ने बारिश से प्रभावित इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। रमनदीप ने इस मैच में आठ गेंद पर 17 रन बनाए।

# प्रगनानंद ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया, तीसरे स्थान पर बरकरार

चेस

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रगनानंद जीत के बावजूद तीसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि चीन के जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। यह पहली बार नहीं है जब प्रगनानंद ने कार्लसन पर जीत दर्ज की है। वह इससे पहले भी कई मौकों पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को चौंका चुके हैं।

### गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय

हाल ही में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसातोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं और उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। प्रतियोगिता के शुरू में शीर्ष पर रहने वाले रोमानिया के फिरुल शेवचेंको 11 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। हॉलैंड के अनीश गिरी 10.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### नौ दौर की बाजियां शेष

ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रगनानंद का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक हैं और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

# अब भारत के डोमेस्टिक मैचों में नहीं होगा टॉस! इन बड़े बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट में जल्द बड़ा बदलाव संभव है. दरअसल, बीसीसीआई जल्द घरेलू क्रिकेट में टॉस पर फैसला ले सकती है. ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट से टॉस को खत्म करने पर विचार कर रहा है. अगर ऐसा हुआ तो टॉस के बजाय मेहमान टीम को गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का अधिकार होगा. यानी, मेहमान टीम बिना टॉस के गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने का फैसला ले सकती है. साथ ही ऐसा माना जा रहा है कि इन नियम को सीके नायडू ट्रॉफी से लागू किया जा सकता है.

### इन बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई...

इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है. ऐसा माना जा रहा है कि 2 डोमेस्टिक मैचों के बीच समय-अवधि अधिक हो सकता है. दरअसल, पिछले डोमेस्टिक सीजन कई टीमों के कप्तान ने मांग की थी कि 2 मैचों के बीच के समय को बढ़ाया जाए, वहीं, अब ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस पर आखिरी मुहर जल्द लगा सकता है. बहरहाल, इस बाबत बीसीसीआई सचिव जय शाह का बड़ा बयान सामने आया है. इसकी जगह मेहमान टीम के कप्तान को पास गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का अधिकार होगा.

### आईपीएल से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म किया जाएगा?

इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर बड़ा फैसला संभव है. दरअसल, पिछले सीजन आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू किया गया था. इस नियम पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब इस पर जल्द बड़ा फैसला लिया जा सकता है.

# भू माफिया कर रहा कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा

## कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने किया मोके का निरीक्षण

**पन्ना।** पन्ना नगर में भूमाफिया प्रशासन पर भारी दिख रहा है । ऐसा लग रहा है कि जैसे राजस्व प्रशासन भूमाफियाओं के इसारे पर उनके लिए काम करता हैं तभी तो पन्ना नगर में भूमाफिया अब कब्रिस्तान की भूमि पर भी कब्जा कर रहे हैं और उन्हें रोक पाने में जिले का जिम्मेदार प्रशासन नाकाम हैं । शिकायत के बाद भी खुले आम भूमाफिया धड़ल्ले से कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करके प्लाटिंग के लिए रास्ता निर्माण करा रहा है। मामला पन्ना नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 का है जहां पर आरजी क्रमांक-2942 जो मध्य प्रदेश शासन कब्रिस्तान दर्ज है । उसमें भू माफिया रामाधार अग्रवाल और अशोक जैन द्वारा कब्रिस्तान की खखरी तोड़कर प्लाटिंग के लिए रास्ता बनाया जा रहा है जबकि उक्त मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती पार्वती जाटव ने पूर्व से ही आपत्ति लगा रखी है तथा मामले की शिकायत एसडीएम के यहां की थी । सड़क निर्माण कार्य का मामला तहसीलदार न्यायालय में भी

चला किन्तु अंत आई, पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन देकर उक्त मामले को भू माफियाओं के पक्ष में कर दिया । पार्षद श्रीमती पार्वती जाटव और पूर्व पार्षद फिरोज खान ने एसडीएम के यहां अपील करते हुए बताया कि मिश्र तलैया के पास स्थित कब्रिस्तान मुस्लिम समुदाय के लिए सुरक्षित है । कब्रिस्तान की जमीन पर प्लाटिंग के लिए रास्ता निर्माण संबंधी मामला रामाधार अग्रवाल एवं अशोक जैन के खिलाफ एडीएम न्यायालय में लंबित है। बावजूद इसके पुनः भू माफियाओं द्वारा खाखरी तोड़कर रास्ता निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर शनिवार को मौके पर वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र जाटव सहित वार्ड वासियों ने कब्रिस्तान की जमीन पर अशोक जैन से रास्ता निर्माण कार्य रोकने विरोध जताया । तो जैन द्वारा कहा गया कि हम यहां से रास्ता बनाएंगे। हमारे पास सभी दस्तावेज उपलब्ध है । ऐसे में प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न होने के चलते धार्मिक अशांति फैलने का खतरा बना हुआ है। मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश पनप रहा है। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल ऐसे संवेदनशील मामले को संज्ञान में लेकर उचित एवं लोकहित में कार्रवाई करें । ताकि अमन शांति बनी रहे। मौके पर उपस्थित वार्ड वासियों द्वारा भी प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई।

हालांकि शनिवार दोपहर तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने राजस्व अमले के साथ पहुंचकर मौके की स्थिति को देखा और कहा कि कब्रिस्तान की भूमि पर रास्ता निर्माण कराना गलत है ।वार्ड पार्षद व नगर पालिका से बात करके पुलिस बल के साथ कब्रिस्तान की भूमि को सुरक्षित किया जाएगा । जमीन में तार फेंसिंग कराकर वाकायदा उसमे गेट लगवाया जाएगा ।तहसीलदार ने सख्त लहजे में कहा कि शासकीय जमीनों में कब्जा करने वाले बिल्कुल भी बख्से नही जाएंगे। अतिक्रमणकारियों व भूमाफियाओं पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेंगी ।

भूमाफियाओं के पक्ष में हौसले इतने बुलंद हैं कि यह समाज द्वारा लगाए गए कब्रिस्तान के बोर्ड को भी उखाड़ कर ले गए ।लगे बोर्ड में लिखा था कि यह जमीन कब्रिस्तान की है । अब न वहा बोर्ड लगा है और न ही पत्थर की खखरी बची है।

**इनका कहना है-** मैंने स्वयं मौके पर जाकर कब्रिस्तान का जायजा लिया है । जो भी बोर्ड व खखरी तोड़कर कब्रिस्तान की भूमि पर रास्ता बना रहे हैं । उन पर सख्त कार्यवाही की जावेगी और भूमि को सुरक्षित किया जाएगा ।

**– अखिलेश प्रजापति**
**तहसीलदार पन्ना**

आपके द्वारा जानकारी मिली है की कब्रिस्तान की भूमि पर कोई कब्जा कर रहा है। तो मैं जाकर मौके पर दिखवाता हूं ।

**– संजय नागवंशी**
**एसडीएम पन्ना**

कोई अगर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा कर रहा है तो यह गलत है। मैं राजस्व की टीम को भेजता हूं। समाज के लोगों को कब्रिस्तान को सुरक्षित करने बाउंड्री वॉल कराना चाहिए ।

**– सुरेश कुमार**
**कलेक्टर पन्ना**

## प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 31 मई तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, पन्ना से आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रूपए की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश एवं नियमावली विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## भगवान परशुराम जयंती पर अनेक कार्यक्रम हुये संपन्न, भारी संख्या मे लोग हुये शामिल

**पन्ना।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री हरि के छठे अवतार भगवान 'श्री परशुराम जी' के जन्मोत्सव पर अलगाववादियों से मुक्त भारत और सामाजिक सौहार्द की भावना के साथ सभी विप्र बंधुओं एवं सनातनी हिन्दुओं ने एक दूसरे को आत्मिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। तथा स्थानीय राम जानकी मंदिर मे परशुराम जी का जन्मउत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया पूजा अर्चना अनुष्ठान हवन पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर अनेक लोग शामिल रहे। जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पण्डित राम गोपाल तिवारी ,पप्पू दीक्षित, रविन्द्र शुक्ला विष्णु पाण्डेय बबलू पाठक संतोष तिवारी दीपक तिवारी दिनेश गोस्वामी अरविन्द द्विवेदी ,रामकिशोर गर्ग , प्रमोद पाठक जीतेन्द शर्मा, मोना शर्मा, सौरभ मिश्रा,भरत मिश्रा श्रीराम रिछारिया रमेश मिश्रा उमाशंकर वैभव धापक तरुण पाठक राजेश गोतम विनोद मिश्रा विनोद तिवारी मीना पान्डेय चन्द्र प्रभा तिवारी प्रिया दुबेदी मनीषा गोस्वामी शशिकांत दीक्षित रवि तिवारी उमाशंकर व्यास भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

## एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 मई तक

**पन्ना।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किए जा सकेंगे।

## शाहनगर क्षेत्र मे रेंजर शिवहरे की मिली भगत से वन क्षेत्र में चल रही भारी मात्रा में पत्थर की अवैध खदाने

**पन्ना।** जिले मे अवैध उत्खनन चरम सीमा पर चल रहा है जिसका मुख्य कारण खनिज तथा वन विभाग के अधिकारियो कर्मचारियो का वन एंव खनिज माफियों को खुला संरक्षण प्राप्त है।

जिले मे अधिकांश पत्थर तथा रेत की खदाने बंद है लेकिन उसके बावजूद यह कारोबार अनवरत रूप से चल रहा है । उदाहरण के तौर पर जिले के शाहनगर तहसील अंतर्गत विभिन्न वन क्षेत्रो मे पत्थर की खदाने संचालित हो रही है क्योंकि पांच वर्षो से जमे उक्त रेंजर आनंद शिवहरे का खदान माफियो को खुला संरक्षण प्राप्त है इसी के चलते सरेआम लगातार अवैध पटिया पत्थर के खदाने बे धड़क होकर चलाई जा रही है मुनुपुरा सहित शाहपुर टिकरिया सहित पूरे क्षेत्र मे वनो को उजाड़कर पत्थर खदाने चलाई जा रही है पांच वर्षो से जमे एक ही स्थान पर रेंजर को हटाया भी जा रहा है स्थानीय लोगो का कहना है कि रेंजर द्वारा कभी भी क्षेत्र का भ्रमण नही किया जाता है । सिर्फ घर मे बैठकर कार्य किये जाते है। स्थानीय लोगो ने रेंजर को तत्काल हटाये जाने की मांग की थी।

## 3 लाख 99 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उपार्जन, 20 मई तक होगी गेहूं खरीदी

**पन्ना।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में विगत 29 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य संचालित है। जिले के 53 केन्द्रों पर स्लॉट बुक कराने वाले किसान आगामी 20 मई तक गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। शासन के निर्देशानुसार अवकाश दिवसों में भी खरीदी की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि अब तक 7379 किसानों द्वारा 3 लाख 99 हजार 555 क्विंटल से अधिक गेहूं का विक्रय किया गया है। इसके विरूद्ध 3 लाख 4 हजार 733 क्विंटल उपार्जित गेहूं का परिवहन व भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को 47 करोड़ 67 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं एवं उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश भी समय-समय पर जारी किए गए हैं। अधिकारियों द्वारा भी उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

## जेके सीमेन्ट कंपनी के ट्रक से सड़क दुर्घटना, बाइक चालक घायल, युवक की हालत गंभीर, कटनी रेफर

**पन्ना।** जिले मे अमानगंज क्षेत्र में स्थित जेके प्लांट का कार्य रफ्तार पकड़ रहा है वहीं दूसरी ओर स्टेट हाईवे 49 में भीषण दुर्घटनायें आम होती जा रहीं हैं। ऐसा ही फिर एक हादसा ग्राम पगरा- देवरा के बीच पंचवटी ढाबा बीच देखने को मिला जहाँ जेके ट्रान्सपोर्ट के तेज रफ्तार ट्राला ने मोटर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। आनन फानन दुर्घटना के शिकार हुए युवक लोकेन्द्र सिंह को नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात हालात गंभीर होने से कटनी रेफर कर दिया गया। लोकेन्द्र सिंह ग्राम बिल्हा का रहने वाला बताया जा रहा है जो अपने मजदूरी के काम से जा रहा था उसने अमानगंज थाने

मे रिपोर्ट दर्ज करके बताया की पगरा और देवरा के बीच ट्रांसपोर्ट के भारी वाहन दोनों और खड़े होने के कारण बचते हुए निकल रहा था तभी अचानक ट्राला ने आकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे वो सड़क पर गिर गया जिससे उसे चेहरे और पैर मे गंभीर चोटे आई। अमानगंज और देवरा जेके प्लांट के ऐसे अनगिनत सड़क हादसे के शिकार हुए हैं जिसमे दर्जनों लोगों ने अपने प्राण खो दिये हैं जिसकी जिम्मेदारी न जेके सीमेंट प्लांट लेता है न ट्रान्सपोर्ट, और शासन प्रशासन सड़क के दोनों और ड्रम रखकर अपना कर्तव्य निभा देता है। जबकि लगातार क्षेत्रीय लोगो द्वारा लगातार हो रहे हादसो को लेकर सड़को पर प्रदर्शन भी किया है उसके बावजूद कंपनी प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नही हो रही है क्योंकि जिले के जिम्मेदार प्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस का खुला संरक्षण जेके कंपनी को प्राप्त है तथा इन सभी का कमीशन जेके प्लान्ट से बंधा हुआ है इसलिये उन्हे आम जनता को कोई लेना देना नही है।

## जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय दल गठित

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालनालय एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय बाढ़ नियंत्रण दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय दल में उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह एवं पारी प्रबंधक आर.के. मिश्रा शामिल हैं। इसी तरह विकासखण्ड स्तरीय दल में पन्ना विकासखण्ड स्तर पर मड़ला क्षेत्र के 6 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत देवराभारतपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित 12 ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. एम.एल. प्रजापति, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत अमानगंज क्षेत्र के 12 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. अंकित निगम, पवई विकासखण्ड अंतर्गत सिमरिया, सुखवानी, मुराड़, चट्टरिया और चांदपुर क्षेत्र के 52 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. मोहर सिंह तथा शाहनगर विकासखण्ड के हादुआ, खमरिया एवं रैपुरा क्षेत्र के 20 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए कीटज्ञ विनय सिंह एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. बी.एस. तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# जल निगम की टीम ने दिया प्रशिक्षण

**पन्ना।** मध्य प्रदेश जल निगम, भोपाल की टीम द्वारा गत शुक्रवार को जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में भौगोलिक सूचना प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा संचालित समूह योजना के सभी अवयवों की वास्तविक स्थिति को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के वेब पोर्टल के जरिए डाटा को शेप फाइल बनाकर अपलोड करने के बारे में बताया गया,

जिससे जल निगम द्वारा क्रियान्वित समूह योजना की भौतिक प्रगति की मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही प्राप्त की गई भौतिक प्रगति से अलग अलग अवयव का वास्तविक जगह को जल रेखा एप के माध्यम से अपलोड कर मुख्य अवयवों को अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्य से क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके।

विशेषज्ञ बालकिशन पाटीदार एवं पवन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण म.प्र. जल निगम, परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक लखनलाल तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें इकाई पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छतरपुर से एसडीओ सचिन खेजपाल, जल निगम छतरपुर और पन्ना के सभी प्रबंधक, उप प्रबंधक, एसक्यूसी स्टॉफ, प्रोजेक्ट मैनेजर भी उपस्थित रहे।

## देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाडियों का हुआ सम्मान

### पन्ना राजपरिवार की राजकुमारी ने दी शुभकामनाएं

**पन्ना।** थाईलैंड में एशियन चैम्पियनशिप में देश का परचम लहराने वाले खिलाडियों को लगातार सम्मानित किया जा रहा है। शहर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना की संचालक एवं पन्ना राजपरिवार की राजकुमारी कृष्णा कुमारी ने आज भारतीय टीम का हिस्सा रहीं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता हर्षिता विश्वकर्मा और भारत की ओर से 9 रैंक टॉप 10 स्थान बनाने वाले इरफान उल्ला खान को सम्मानित किया। गौरतलब है कि इरफान खान ने इसी स्कूल में बतौर खेल प्रशिक्षक सेवाएं भी दी हैं। वहीं हर्षिता ने विद्यालय में केजी से हायर सेकेंडरी की सम्पूर्ण पढ़ाई यहीं की है। ऐसे में संस्था की ओर से दोनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## रूंझ बांध का अवरूद्ध कार्य शुरू कराया

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर ग्राम विश्रामगंज में रूंझ बांध का अवरूद्ध कार्य शनिवार को प्रारंभ कराया गया। जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों व पुलिस बल की मौजूदगी में रूंझ डैम का कार्य पुनः प्रारंभ हुआ। गत दिवस कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बांध निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रभावित लोगों से चर्चा की थी और निर्बाध रूप से निर्माण कार्य में सहयोग की अपेक्षा की थी। कुछ ग्रामीणों द्वारा मुआवजा राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत पर

विधिवत तरीके से राशि वितरण के लिए टीम द्वारा आश्वासन दिया गया था। डैम का निर्माण अब सतत् रूप से चलेगा। इसके निर्माण से मात्र ग्राम विश्रामगंज की भूमि प्रभावित हुई है, लेकिन बांध बनने से सिंचाई का लाभ 47 गांव के किसानों को मिलेगा। इससे 14 हजार 450 हेक्टेयर रकबा सिंचित होने के साथ ही 5 एमसीएम पेयजल रिजर्व रहेगा।

एसडीएम कुशल सिंह गौतम ने बताया कि योजना से 849 किसान एवं 375 मकान प्रभावित हुए हैं। 663 परिवारों को मकान निर्माण के लिए 5-5 लाख रूपए का विशेष पैकेज प्रदान किया गया है। यह परियोजना 279.69 करोड़ रूपए की है। ग्रामीणों को वितरण के लिए अनुमोदित अवार्ड राशि 76 करोड़ रूपए से अधिक है। इसमें से लगभग 98 प्रतिशत राशि का वितरण किया जा चुका है।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, सतना-सेमरिया मार्ग पर हादसा, समिति प्रबंधक की मौत

**सतना।** सतना-सेमरिया मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में बैंसवार के समिति प्रबंधक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, सतना - सेमरिया मार्ग पर बाबूपुर पुलिस चौकी अंतर्गत रामस्थान के पास तेज रफ्तार ट्रक नंबर (एमपी 19 एचए 4770) की टक्कर लगने से बाइक सवार संतोष कुमार चतुर्वेदी पिता रामकरण चतुर्वेदी (57) निवासी नयागांव थाना कोठी सतना की मौत हो गई।

# नेशनल लोक अदालत में 283 लंबित एवं 671 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का हुआ निराकरण

## एक करोड़ 21 लाख रूपए से अधिक की अवार्ड राशि पारित

**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई व अजयगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष भावना साधी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत, जिला न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरप्रसाद बंशकार, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद, इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, जेएमएफसी शिवराज सिंह गवली, मोहित बड़के, प्रीतम शाह, प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता आर्य, तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते व अभिभाषक संघ के अध्यक्ष जे.के. राव, सचिव रत्नेश

खरे, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह व पवन कुमार पाण्डेय एवं असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक व शशांक चतुर्वेदी एवं अभिभाषक संघ के सदस्यगण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण कर पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्त करवाने का प्रयास करने का आव्हान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के सचिव व जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने जानकारी दी कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु जिला न्यायालय पन्ना में 9 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय पवई में 3 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय अजयगढ़ में 1 खण्डपीठ का गठन किया गया था।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधी की खण्डपीठ क्रमांक 1 में 05 पारिवारिक प्रकरणों, द्वितीय जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद की खण्डपीठ क्रमांक 2 में 70 प्रकरणों, प्रथम जिला न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 3 में 02 प्रकरणों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार की खण्डपीठ क्रमांक 04 में 37 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड शिवराज सिंह गवली की खण्डपीठ क्रमांक 05 में 21 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 06 में 26 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड निधि शाक्यवार की खण्डपीठ क्रमांक 07 में 20 प्रकरणों, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 08 में 07 प्रकरणों, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड प्रीतम शाह की खण्डपीठ क्रमांक 09 में 20 प्रकरणों सहित जिला न्यायाधीश पवई की खण्डपीठ क्रमांक 10 में 08 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड कृष्णपाल सिंह सिसोदिया की खण्डपीठ क्रमांक 11 में 23 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 12 में 20 प्रकरणों तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड अजयगढ़ श्वेता रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 13 में 27 प्रकरणों सहित कुल 283 लंबित प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 13 मई 2024 | 8


रीवा में मदर्सडे में माँ को मिला ममता का उपहार, रीवा पुलिस ने 6 माह के अपहृत बालक को किया माँ के हवाले। बालक के अपहरण के शामिल थे 12 आरोपी, अपहरण कर्ताओं के चंगुल से सकुशल छुड़ाया गया बालक।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 14 मई को

### जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने का लक्ष्य

रीवा

जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं सतत एवं सुचारू रूप से मिलती रहें इसके लिए 14 मई को रीवा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस दिवस को आयुष्मान आरोग्य शिविर के रूप में आयोजित किया जायेगा। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्र) में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निवास के नजदीक ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखण्ड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को आयोजित किये जाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है जो स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। शिविर की मॉनीटरिंग जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। शिविर के लिए सभी विकासखण्डों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी का बनाई जाएगी। शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, ओरल सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर, मानसिक रोग, नाक, कान एवं गले की जांच,टीबी, फेफड़ों के रोग एवं अन्य संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य पोषण एवं टीकाकरण तथा आँखों से संबंधित देखभाल एवं जांच संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं पूर्व प्रभाव वाले क्षेत्रों में सिकल सेल कार्ड का वितरण, निशुल्क जाँच एवं दवाओं की उपलब्धता, वेलनेस गतिविधियों का आयोजन करते हुये विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, योग, उचित खान-पान, एनीमिया पर चर्चा की जाएगी।

शिविर में हितग्राहियों का एन.सी.डी., मोतियाबिंद के लिए, आँखों का परीक्षण, वृद्धावस्था से संबंधित एन.सी.डी., मानसिक स्वास्थ्य, बधिरता स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी और उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में रक्तदान एवं अंगदान के लिए ई-रक्त कोष पोर्टल एवं ऑर्गन रजिस्ट्रेशन पोर्टल में एन्ट्री की जाएगी।

## खुले बोरवेल की सूचना देने पर मिलेगा एक हजार का ईनाम

रीवा। जिले भर में अभियान चलाकर अनुपयोग और खुले बोरवेल बंद कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय बोरवेलों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों को बंद कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबवेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। इसका मोबाइल नम्बर 7648862100 है। इस पर खुले बोरवेल की फोटो अथवा वीडियो सहित सूचना देने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। साथ ही बोरवेल के मालिक के विरुद्ध एफ आईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

## गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

रीवा। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए किसान तत्काल अपनी सुविधा के अनुसा स्लॉट बुक करने कर सकते हैं। गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है।

कलेक्टर ने बताया कि किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। जिस तहसील में किसान की भूमि है उस तहसील के किसी भी खरीदी केन्द्र में अपना गेंहू बेच सकते हैं।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई

रीवा। राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल नामांतरण, बटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करेंगी। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति, मतगणना की तैयारी, समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था तथा अनुपयोगी बोर वेल बंद करने की भी समीक्षा की जायेगी। सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## बाइक से घर जा रहे युवक के साथ हुई मारपीट

रीवा। बाइक से अपने घर रहे युवक के साथ बैकुंठपुर थाना क्षेत्र जा के रिमारी में मारपीट की गई। घटना में पांच आरोपी शामिल थे। घायल युवक ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाना पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

घायल युवक ने आरोप लगाया कि उसके बड़े भाई ने संपत्ति के लालच में पैसा देकर आरोपियों से मारपीट करवाई है। घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

घायल युवक ने बताया कि वह रीवा से अपने घर जा रहा था तभी आरोपियों ने उसे रोक लिया और लाठी डंडे से बेदम पिटाई की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे जिसके बाद आरोपी भाग गए। पीड़ित युवक ने रिषभ सिंह परिहार निवासी तिलखन, सुनील दुबे, रणवीर सिंह सहित युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

## पूर्व महापौर शिवेन्द्र सिंह पटेल के निधन पर शोक

रीवा। रीवा के पूर्व महापौर एवं भाजपा नेता शिवेन्द्र सिंह पटेल के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता एवं रीवा नगर निगम के पूर्व सभापति कुँवर रिपुदमन सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि श्री पटेल बहुत ही मृदुभाषी एवं योग्य महापौर के रूप में नगर निगम रीवा में कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भी मैं सभापति के रूप में कार्य किया वो सदैव गरीबों को अपना हितैषी समझते थे उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। कुंवर रिपुदमन सिंह ने मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें : डॉ. शुक्ला

रीवा

जिले में पिछले 4 दिनों में वर्षा के कारण तापमान में कुछ कमी आयी है लेकिन धूप अभी भी बहुत तेज है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, मौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 728357 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा। जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 12 मई तक 15096 किसानों से 728357 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 174 करोड़ 80 लाख 57 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। असमय वर्षा से कुछ खरीदी केन्द्रों में उपार्जन कार्य प्रभावित हुआ है। उपार्जित गेंहू के तत्काल भण्डारण की व्यवस्था की जा रही है अब तक खरीदे गये गेंहू में से 596985 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 90 करोड़ 77 लाख 4 हजार 381 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 20909 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

## कमरे के अंदर मिली वृद्ध की लाश, मचा हड़कंप

रीवा

गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलहा गांव में शनिवार, शाम घर के अंदर वृद्ध महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। शव से बदबू आ रही थी। आशंका है कि महिला की मृत्यु 24 घंटे पहले हुई है। फिलहाल जानकारी के बाद गढ़ पुलिस ने महिला के शव को घर में ही सुरक्षित करवाया है। रविवार को एफएसएल टीम को मौके का निरीक्षण करने के लिए बुलाया जाएगा। महिला की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रूपधारी द्विवेदी पति स्वर्गीय रामनरेश द्विवेदी 70 वर्ष निवासी कोलहा का शव घर के अंदर शनिवार शाम को मिला है।

ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम महिला को घर के बाहर देखा गया था। शनिवार को महिला नहीं दिखी। घर के बाहर बंधी भैसा चिल्ला रही थी, उन्हें पानी नहीं मिला था। आसपास के लोगों को जब शंका हुई तो वो घर के पास गए जहां गंध आ रही थी। महिला को आवाज लगाए तो कोई आहट नहीं मिली। इसके बाद अंदर जाकर देखा तो महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली।

बताया गया कि महिला के तीन लड़के है जो बाहर रहते है। ग्रामीणों ने महिला के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी जिसके बाद त्योंथर के अमाव से वो पहुंच गए। फिलहाल घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, इसके कारण पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बागलमुखी जयंती 15 मई को

रीवा। रीवा के रानी तालाब में स्थित माता काली मंदिर के प्रधान पुजारी श्री देवी प्रसाद जी ने बताया की 15 मई 2024 को बगलामुखी जयंती मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी। पुजारी जी ने बताया कि मां काली के बगल में मां बगलामुखी भी विराजमान हैं। उन्होंने रीवा के धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया है कि 15 मई को मंदिर में होने वाले विशेष पूजा पाठ में भाग ले। देवी बगलामुखी की महत्वपूर्ण दश (दस) महाविद्या (बुद्धि की देवी) के रूप में माना जाता है। बगलामुखी नाम का अर्थ है, जिसकी जीभ पर दृढ़ पकड़ हो और वह किसी भी व्यक्ति के दिमाग को नियंत्रित कर सके। देवी देश के कई हिस्सों में पीताम्बरा देवी के रूप में भी लोकप्रिय हैं। माँ बगलामुखी मंत्र स्वाधिष्ठान चक्र की कुंडलिनी जागृति के लिए उपयोग करते हैं। भक्त इस दिन अन्न का दान करते हैं, तथा माँ मंगलग्रह से संबंधित समस्याओं को समाधान देवी हैं।

## किडनैप हुआ बच्चा मिला तो फूट-फूटकर रोई मां

रीवा। मदर्स डे के दिन रीवा से जुड़ा एक भावुक कर देने वाला वीडियो सामने आया है। यह वीडियो है उस मां का जिसके 6 माह के बच्चे को कुछ दिनों पहले किडनैप कर महाराष्ट्र में बेच दिया गया था। वीडियो उस वक्त है जब मनीषा बाई बच्चे के अपहरण के 1 सप्ताह बाद अपने बच्चे से पहली बार मिली। बच्चे को देखते ही मनीषा बाई फूट-फूट कर रोने लगी। दौड़कर बच्चे को गले से लगा लिया। फिर हाथों से उठाकर उसे चूमने लगी। बच्चे को देख पिता की आंखो से भी आंसू निकल आए। एक मां को उसका नवजात बच्चा मदर्स डे के एक दिन पहले मिला। मां-बेटे के मिलने का वीडियो भी मदर्स डे के ठीक एक दिन पहले यानी 11 मई का बताया गया है। हालांकि किडनैपिंग के पूरे मामले का खुलासा होना अभी बांकी है।

## प्रो. उमा परौहा टेबल टेनिस स्पर्धा 24 मई से

रीवा

प्रो0 उमा परौहा संभाग स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 24 मई से 26 मई 2024 तक विगत वर्षों की भांति टी.आर.एस. कॉलेज के टेबल टेनिस खेल हाल में किया जायेगा। यह आयोजन का 27वां वर्ष होगा। यह स्पर्धा चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ0 के0के0 परौहा के धर्म पत्नी के स्मरण में प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। प्रो0 उमा परौहा जी का खेलों के प्रति गहरा लगाव था। यह स्पर्धा रजत जयन्ती वर्ष पूरी कर चुकी है। सचिव डॉ0 विनोद तिवारी एवं संयुक्त सचिव असद खान ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस स्पर्धा में रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, धनपुरी, पन्ना आदि जगहो के खिलाड़ी भाग लेते है। आयोजित होने वाली इवेन्टस में पुरूष एकल-युगल, महिला एकल-युगल, पुरूष वेटरन्स 60 वर्ष अधिक वर्ग का एकल, पुरूष एवं महिला युगल, पुरूष टीम इवेन्ट, बालक एकल, बालिका एकल वर्ग की प्रतियोगिताएँ होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी प्रो0 अनिल तिवारी, डॉ0 विनोद तिवारी एवं असद खान के पास अपनी इन्ट्री करवा ले।

## भारत पेन्शनर समाज की बैठक पन्द्रह मई को

रीवा। भारत पेन्शनर समाज रीवा की आवश्यक बैठक 15 मई 2024 दिन बुधवार को सायंकाल 4.00 बजे से शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा स्थित पेन्शनर समाज के कार्यालय में अध्यक्ष इंजीनियर शेर बहादुर सिंह परिहार की अध्यक्षता में तथा संरक्षक डॉ0 मंगलेश्वर सिंह की विशेष उपस्थित में आयोजित की गई है। बैठक में संगठन की क्रियाशीलता एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी भारत पेन्शनर समाज रीवा के महासचिव राजेन्द्र सिंह बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए समस्त पदाधिकारियों एव कार्यकारिणी सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर आयोजित हुई शोध संगोष्ठी

रीवा। विंध्य क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं गौरवशाली शिक्षण संस्थान शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग एवं युवक रेडक्रॉस इकाई द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर "सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व" विषय पर युवा फैसीलिटेटर के अंतर्गत आई.क्यू. ए.सी. के तत्वावधान में शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अर्पित अवस्थी के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा एसोसिएट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. उमेश प्रताप सिंह श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अर्पित अवस्थी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि इस रेडक्रास के सिद्धांतों का पालन करें और उन स्वयंसेवकों को सम्मान दें जो समाज सेवा में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित रूप से सामाजिक प्रगति और विकास के लिए मानवता एक आवश्यक तत्व है। संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने शोध संगोष्ठी के उद्देश्यों का वाचन करते हुए कहा कि मानव विकास लोगों पर संकेंद्रित है। इसका संबंध लोगों की भलाई आवश्यकताओं प्राथमिकताओं तथा आकांक्षाओं से होता है। ये सभी एक योग्य समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। यह आपसी समझ दोस्ती सहयोग और स्थायी शांति के लिए सभी लोगों के बीच बढ़ावा देता है।

शोध संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता डॉ वीरेंद्र मिश्रा प्राध्यापक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव विकास आधारभूत अवसरों के विस्तार पर बल देता है। डॉ. मिश्रा ने मानवता का समावेशीय एवं पारीस्थितीय परिप्रेक्ष्य की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। मानव विकास सामाजिक विकास का सार है क्योंकि मानव विकास लोगों पर केंद्रित है। इसका संबंध लोगों की भलाई उनकी आवश्यकताओं विकल्पों और अवसरों से है। ये सभी आदर्श समाज के निर्माण में मदद करते हैं। मानव विकास और सम्मान की दिशा में रेडक्रास ग्रांप से ही सक्रिय रहा है। इसका उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए और इंसान के लिए सम्मान सुनिश्चित करना है। तकनीकी सत्र में अखिलेश सिंह रानी चन्द्रदेव रानी सिंह बघेल अमन पाण्डेय स्वप्निल द्विवेदी दीपाली दुबे विक्रम प्रसाद कुशवाहा पाली सिंह कचुंनी अर्चिता द्विवेदी सौरभ द्विवेदी अनुराग चतुर्वेदी आदि ने मानवता की स्थापित करने में रेडक्रास की भूमिका मानवता के क्रियान्वयन के संदर्भ में रेडक्रास का महत्व भारतीय दर्शन और मानवता मानवता ही इंसान का सबसे बड़ा धर्म मानवता का अधिकार मानवता भारत की सांस्कृतिक विरासत सामाजिक प्रगति की अवधारणा एवं महत्व सामाजिक विकास के अभिकारण संकेतक एवं कारक सामाजिक असमानता मानव अधिकार संकल्पना ग्रामीण विकास और प्रसार भारत में विभिन्न वर्गों के अधिकार और उनका क्रियान्वयन मानव विकास व्यापार निर्भरता और उद्भव भारत में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास ( आधुनिक संदर्भ में) विषयों में शोध पत्रों का वाचन किए।

## छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय

रीवा। जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्यवाही संबंधित प्राचार्य द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किन्तु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व वर्षों के लंबित नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदनों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन/स्वीकृति नहीं की गई। जिला संयोजक ने बताया कि शत-प्रतिशत लंबित आवेदनों का सत्यापन कर लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये थे, किन्तु शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से उक्त वर्ग के विद्यार्थियों को लाभांवित होने से वंचित रखा गया है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व वर्षों के लंबित एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदनों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन/स्वीकृति हेतु संबंधित नोडल प्राचार्यों से करायें।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विंध्य रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833